PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, मंगलवार, 29 सितंबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## Aligarh News: महिला से छेड़खानी में फंसे एक्सईएन और बाबू, रिपोर्ट दर्ज



धनीपुर स्थित लघु सिंचाई विभाग के दफ्तर में कार्यरत एक संविदा कर्मी की पत्नी से अभद्र व्यवहार और छेड़खानी करने का मामला तूल पकड़ गया है। इस प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज हो गई है। थाना प्रभारी महुआखेड़ा संजीव चौहान ने बताया कि इस मामले में लघु सिंचाई विभाग के एकसईएन अशोक कुमार और सहायक बाबू नवीन कुमार के खिलाफ छेड़खानी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है, तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। लघु सिंचाई विभाग के एक्सईएन अशोक कुमार ने बताया कि उनके दफ्तर में हजरतगंज लखनऊ की एस्टीम एजेंसी की ओर से आउटसोर्स कर्मी रखे गए थे। इन्हीं में से एक कर्मी का कामकाज ठीक नहीं था। इसकी शिकायत संबंधित एजेंसी से की गई थी। इसी बात से चिढ़कर उसने अपनी पत्नी को आगे कर अनर्गल आरोप लगाए हैं। यह आरोप मनगढंत हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में पूर्व में महुआखेड़ा थाने में दो बार जांच हो चुकी है। मामले की विभागीय जांच शामली के एक्सईएन से कराई गई है। जिसमें आरोपों की पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्हें परेशान किया जा रहा था। उनके पक्ष से महिला को कई बार फोन किया जाता रहा है। देर रात में भी फोन कर परेशान किया गया है। पुलिस इस मामले में जांच कर सख्त कार्रवाई करे।

## Aligarh News: एएमयू में धरना स्थल पर बाहरी युवकों ने छात्र को पीटा



एएमयू में छात्रसंघ चुनाव के लिए चल रहे आंदोलन में बाहरी युवकों ने एक छात्र को पीट दिया। छात्र की सिर और पेट में चोटें आई हैं। उसे जेएन मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। वहीं, आठ दिन से भूख हड़ताल पर बैठे निलंबित छात्र यासिर फहद की तबीयत बिगड़ रही है। देर शाम डक पॉन्ड पर भूख हड़ताल पर बैठे यासिर के साथ बैठने के लिए एमटेक छात्र फैसल त्यागी पहुंचे। फैसल का आरोप है कि वह यासिर का साथ देना चाहते थे, लेकिन धरना स्थल पर बाहरी युवकों ने उनसे अभद्रता कर मारपीट शुरू कर दी। थोड़ी देर में प्रॉक्टोरियल टीम पहुंच गई। इससे धरना स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। टीम ने पीड़ित छात्र फैसल को एंबुलेंस के जरिये मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। इस संबंध में प्रॉक्टर प्रो. मोहम्मद नवेद खान ने कहा कि छात्र फैसल त्यागी की बाहरी युवकों ने पिटाई की है। उनके सिर और पेट में चोट आई है, जिन्हें मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। पीड़ित छात्र ने तहरीर दी है। उन्होंने छात्रों से अपील की है कि रास्ता न बंद करें, क्योंकि इसी रास्ते से जेएन मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में एंबुलेंस से मरीज जाते हैं। मरीजों के साथ शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी परेशानी हो रही है।

## Aligarh News: जेएन मेडिकल कॉलेज में हर महीने हो रही 200 एंजियोग्राफी



अनियमित, निष्क्रिय दिनचर्या और खराब खानपान की वजह से दिल के मरीजों की संख्या बढ़ी है। जेएन मेडिकल कॉलेज में हर महीने करीब 200 एंजियोग्राफी हो रही हैं। इनमें लगभग 70 फीसदी पुरुष और 30 फीसदी महिलाएं हैं। जांच के बाद करीब 110 मरीजों की हर माह एंजियोप्लास्टी भी की जा रही है। कार्डियोलॉजी विभाग में एंजियोग्राफी के लिए 30 से 60 वर्ष आयु के मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें 30 से 40 वर्ष आयु के 40 फीसदी मरीज होते हैं। ये संख्या यह संकेत देती है कि हृदय संबंधी समस्याओं को लेकर समय रहते सावधानी जरूरी है। हृदय रोग विशेषज्ञों के अनुसार, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रोल, धूम्रपान और शारीरिक निष्क्रियता हृदय रोग की आशंका बढ़ा सकते हैं। ऐसे में बीमारी के इलाज के साथ बचाव और समय पर जांच को लेकर जागरूकता भी अहम है।

**हार्ट अटैक से बचाव के लिए जोखिम कारकों पर नियंत्रण जरूरी**

जेएन मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. मलिक मोहम्मद अजहरुद्दीन ने बताया कि हार्ट अटैक से बचाव के लिए सजगता जरूरी है। डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रोल को नियंत्रण में रखना चाहिए तथा धूम्रपान से दूरी बनानी चाहिए। इन जोखिम कारकों पर नियंत्रण और नियमित व्यायाम से हृदय रोग के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

जिला अस्पताल से रेफर होते हैं हृदय संबंधी मरीज

जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं हैं। सीएमएस डॉ. जगवीर सिंह ने बताया कि हृदय रोग के गंभीर मरीजों को रेफर कर दिया जाता है, क्योंकि यहां विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं हैं।

## Aligarh News: कचरा प्रबंधन में लापरवाही पर एएमयू और धनीपुर मंडी को नोटिस



कचरा प्रबंधन में लापरवाही पर नगर निगम ने सोमवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) और धनीपुर मंडी समिति को नोटिस जारी किया है। दोनों संस्थानों से तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने और नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं करने पर निगम उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा मुकदमा दर्ज कराएगा। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि दोनों संस्थाओं को पूर्व में भी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में पत्राचार कर आवश्यक जानकारी और कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद नियमों के अनुपालन की स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर यह कदम उठाया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक कचरा उत्पन्न करने वाले, 20 हजार वर्ग मीटर या इससे अधिक निर्मित क्षेत्रफल वाले अथवा प्रतिदिन 40 हजार लीटर या इससे अधिक पानी का उपभोग करने वाले संस्थान बल्क वेस्ट जनरेटर्स की श्रेणी में आते हैं। ऐसे संस्थानों को अपने परिसर में उत्पन्न कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करना अनिवार्य है। नगर आयुक्त के मुताबिक, जवाब संतोषजनक नहीं मिलने और नियमों का अनुपालन नहीं होने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम अन्य बड़े संस्थानों, होटल, रेस्टोरेंट और मैरिज होम में भी कचरा प्रबंधन की व्यवस्था की जांच कर कार्रवाई करेगा। प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि शहर की स्वच्छता और पर्यावरण से जुड़े नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बल्क वेस्ट जनरेटर को अपने दायित्वों का पालन करना होगा।

**एएमयू का पक्ष**

नगर निगम का नोटिस मिला है। इसका अवलोकन किया जा रहा है। नोटिस के हिसाब से बिंदुवार अपशिष्ट पदार्थों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। - प्रोफेसर मोहम्मद नवेद खान, प्रॉक्टर

**धनीपुर मंडी समिति का पक्ष**

जिस निजी कंपनी पर धनीपुर मंडी में साफ-सफाई कराने का जिम्मा है उसे नियमों का पालन न करने पर नोटिस जारी किया गया है। मंडी में साफ-सफाई व वैज्ञानिक तरीके से कूड़ा निस्तारण पर जोर दिया जाएगा। - मुकेश त्रिपाठी, मंडी सचिव, धनीपुर मंडी समिति

## आरएमपीयू : विशेष बैक परीक्षा पांच अक्तूबर से



राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीयू) से संबद्ध मंडल के महाविद्यालयों की विशेष बैक परीक्षा पांच अक्तूबर से होगी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के स्नातक व परास्नातक अंतिम वर्ष की विशेष बैक परीक्षा का अंतिम परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पूर्व में जारी कार्यक्रम के क्रम में प्राप्त आपत्तियों व सुझावों के निराकरण के उपरांत संशोधित/अंतिम परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। परीक्षा विभिन्न निर्धारित पालियों एवं समय-सारिणी के अनुसार होगी। प्राचार्य/प्राचार्या व संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि परीक्षा कार्यक्रम को महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रमुखता से चस्पा कर दिया गया है।

**विशेष परीक्षा केंद्र निर्धारित**

आरएमपीयू में सत्र 2025-26 की विशेष परीक्षाओं को लेकर परीक्षा केंद्र निर्धारित कर दिए गए हैं। मंडल के अलीगढ़, एटा, कासगंज और हाथरस में बने परीक्षा केंद्र में स्नातक-परास्नातक के तीन हजार से ज्यादा परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

कुलपति के अनुमोदन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों की सूची तय की है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. धीरेंद्र कुमार ने सभी नोडल परीक्षा केंद्रों और संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य-प्राचार्याओं को परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केए कॉलेज कासगंज, पीसी बागला कॉलेज हाथरस, जेएलएन कॉलेज एटा, डीएस कॉलेज अलीगढ़ को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## Aligarh News: हाईटेंशन लाइन के करंट से युवक की मौत




गांव रामपुर शाहपुर में रविवार सुबह घर की केबल ठीक करते समय 25 वर्षीय युवक हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में परिजन उसे जेएन मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

हसन पुत्र शाहिद खान सुबह करीब नौ बजे घर की छत पर केबल को ठीक कर रहा था। इसी दौरान पास से गुजर रही 11 केवी लाइन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उसे उपचार के लिए अलीगढ़ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। हसन तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और उसकी चार वर्ष पहले शादी हुई थी। उसके पीछे दो वर्षीय बेटी है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने देर शाम शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों का आरोप है कि खंभे में करंट आने के वजह से हसन को करंट लगा है।

एसडीओ विद्युत विभाग गभाना निशांत कुमार ने बताया कि युवक की मौत 11 केवी लाइन की चपेट में आने से हुई है। पोल में करंट आने की बात सही नहीं है। परिजनों को विभागीय स्तर से मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## अलीगढ़: खैर में बनेगा 10 किमी का 45 मीटर चौड़ा बाईपास, 70 करोड़ लागत, शासन से मंजूरी का इंतजार



यह हाईवे खैर थाने के सामने से अलीगढ़-पलवल हाईवे, खैर-गोंडा रोड और खैर-वृंदावन के रास्ते से जुड़ेगा। एडीए की महायोजना में इसका निर्माण प्रस्तावित है। जिससे खैर से गोंडा और वृंदावन जाने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। खैर कस्बे में नया बास नहर से टैटी मार्ग का नवनिर्माण होगा। यह रास्ता चमन नगरिया से होकर गौमत की तरफ आएगा। 70 करोड़ रुपये की लागत से इस 10 किमी लंबे नये रास्ते का निर्माण होगा। इसकी चौड़ाई लगभग 45 मीटर तक होगी। यह हाईवे खैर थाने के सामने से अलीगढ़-पलवल हाईवे, खैर-गोंडा रोड और खैर-वृंदावन के रास्ते से जुड़ेगा। यह एडीए की महायोजना में इसका निर्माण प्रस्तावित है। जिससे खैर से गोंडा और वृंदावन जाने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। एडीए के वीसी कुलदीप मीणा ने बताया कि इस रास्ते के निर्माण के लिए एडीए ने बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रख दिया है। अनुमोदन लिया जा रहा है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। गौर हो कि खैर क्षेत्र टप्पल और यमुना एक्सप्रेस वे के नजदीक है। इसलिए इस क्षेत्र के विकास पर प्रशासन विशेष ध्यान दे रहा है।

# चक्रवात के साथ मानसून भी आज से पूरी तरह से हो जाएगा विदा

## यूपी से मानसून विदा, शरद ऋतु की मिली आहट



Weather in UP: यूपी से मानसून के साथ चक्रवात ने भी विदा ले ली है। मौसम विभाग के अनुसार अब किसी भी जिले में बारिश को लेकर पूर्वानुमान नहीं है। कई दिनों की बारिश के बाद प्रदेश के ज्यादातर जिलों में सोमवार को धूप खिलने से मौसम ने करवट लिया। बारिश और तेज हवाओं की रफ्तार थमने के साथ तापमान में भी बढ़ोतरी शुरू हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में सक्रिय रहा मौसम तंत्र अब कमजोर पड़ गया है। इसके असर से अगले एक सप्ताह में प्रदेश के अधिकतम तापमान में पांच से आठ डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने का अनुमान है।इधर सोमवार को पश्चिमी तराई के कुछ जिलों में बारिश हुई। कई जिलों में बादलों की आवाजाही भी रही। बिजनौर में सर्वाधिक 95 मिमी बारिश दर्ज की गई। मुरादाबाद में 72 और अमरोहा में 71 मिमी बारिश हुई।क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बारिश थमने और धूप खिलने से अब तापमान बढ़ेगा। अगले एक सप्ताह में अधिकतम तापमान में करीब पांच से आठ डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी के संकेत हैं।बारिश थमी तो खिल उठी धूप, आठ डिग्री चढ़ा पारा कई दिन तक लगातार बारिश के बाद सोमवार को राजधानी में मौसम ने करवट ली। बारिश थमी तो धूप खिली। इससे दिन का तापमान आठ डिग्री तक बढ़ गया। हवा में नमी बरकरार रहने से लोगों को उमस भी झेलनी पड़ी।क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक मंगलवार को धूप की तल्खी और बढ़ेगी। इससे तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। सोमवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।यह रविवार के मुकाबले आठ डिग्री न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इसमें 0.2 डिग्री की मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# आज से बारापुला फेज-तीन बदलेगा सफर का अनुभव




बारापुला फेज-3 के मंगलवार से शुरू होने से पूर्वी दिल्ली के लोगों का दक्षिण और मध्य दिल्ली तक का सफर आसान होगा। मयूर विहार फेज-1 से सराय काले खां तक करीब 3.5 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर के चालू होने से वाहन चालकों को आईटीओ, रिंग रोड और डीएनडी के अलावा एक नया सिग्नल-फ्री विकल्प मिलेगा। इससे रोजाना नौकरी और दूसरे कामों के लिए दक्षिण दिल्ली आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सकती है। बारापुला फेज-3 का मंगलवार यानी आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहेंगे।कॉरिडोर का सबसे सीधा फायदा मयूर विहार के फेज-1, फेज-2 और फेज-3 के साथ चिल्ला गांव के लोगों को मिलेगा। यहां से दक्षिण दिल्ली जाने वाले वाहन सीधे बारापुला कॉरिडोर का इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे सराय काले खां की ओर जाने के लिए पुराने रास्तों पर निर्भरता कम होने की संभावना है। लक्ष्मी नगर, शकरपुर और पटपड़गंज के लोगों को भी दक्षिण दिल्ली जाने के लिए नया रूट मिलेगा।इन इलाकों से आने वाले वाहन मयूर विहार के रास्ते कॉरिडोर तक पहुंच सकेंगे। इससे विकास मार्ग और आईटीओ की तरफ जाने वाले यातायात का दबाव कम होने की उम्मीद है। वहीं, आनंद विहार, कड़कड़डूमा और विवेक विहार के साथ वसुंधरा एन्क्लेव और दल्लूपुरा के वाहन चालकों को भी दक्षिण दिल्ली जाने के लिए वैकल्पिक रास्ता मिलेगा। नए कॉरिडोर से दक्षिण दिल्ली के लिएसीधा विकल्प मिलेगा दिल्ली में काम करने वाले गौरव ने बताया कि पहले दक्षिण दिल्ली जाने के लिए उन्हें लंबा चक्कर लगाना पड़ता था। अब मयूर विहार होकर बारापुला का रास्ता मिलने से समय और दूरी दोनों बचने की उम्मीद है। वहीं, कैब चालक उत्सव ने बताया कि जाम से बचने के लिए कई बार डीएनडी होकर लंबा रास्ता लेना पड़ता है। नए कॉरिडोर से दक्षिण दिल्ली जाने के लिए सीधा विकल्प मिलेगा।चिल्ला बॉर्डर और क्राउन प्लाजा की तरफ आने-जाने वाले ट्रैफिक पर भी पड़ेगा असर

ट्रैफिक पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, चिल्ला बॉर्डर और क्राउन प्लाजा की तरफ आने-जाने वाले यातायात पर भी इसका असर पड़ेगा। पीक आवर्स में डीएनडी और अक्षरधाम के सामने वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। नए कॉरिडोर से यातायात का बंटवारा होने पर इन मार्गों पर दबाव कम होने और ट्रैफिक संभालने में आसानी होने की उम्मीद है। हालांकि, इसका वास्तविक असर कॉरिडोर पर यातायात शुरू होने के बाद ही स्पष्ट होगा।सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा डायवर्जनबारापुला फेज-3 फ्लाईओवर के उद्घाटन समारोह के मद्देनजर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक यातायात डायवर्जन की एडवाइजरी जारी की है।

# फिर शुरू हुई केदारनाथ यात्रा



चीरबासा के पास मलबा और पत्थर आने से सोमवार को रोकी गई केदारनाथ यात्रा मंगलवार सुबह फिर शुरू कर दी गई। मार्ग की स्थिति सामान्य होने के बाद गौरीकुंड से केदारनाथ धाम के लिए पैदल यात्रियों की आवाजाही बहाल कर दी गई है। चीरबासा के पास मलबा और पत्थर आने के कारण सोमवार को रोकी गई केदारनाथ यात्रा आज मंगलवार सुबह फिर सुचारू कर दी गई। मार्ग की स्थिति सामान्य होने के बाद गौरीकुंड से केदारनाथ धाम के लिए पैदल यात्रियों की आवाजाही शुरू हो गई है। सोमवार को चीरबासा क्षेत्र में मलबा और पत्थर की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई थी। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए केदारनाथ पैदल मार्ग पर आवाजाही रोक दी गई। इसके बाद मार्ग की स्थिति का जायजा लिया गया और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जरूरी व्यवस्थाएं की गईं।जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि चीरबासा में पैदल मार्ग की स्थिति अब सामान्य है। आज सुबह यात्रियों के लिए मार्ग खोल दिया गया। गौरीकुंड से केदारनाथ धाम जाने वाले पैदल यात्रियों को अब आगे बढ़ने की अनुमति दी जा रही है।हालांकि, यात्रा मार्ग पर सुरक्षा को लेकर निगरानी जारी है। अधिकारियों की ओर से मौके की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि किसी तरह की परेशानी होने पर समय रहते जरूरी कदम उठाए जा सकें। फिलहाल मार्ग खुलने के बाद केदारनाथ यात्रा फिर से सामान्य रूप से संचालित हो रही है।

# जयपुर को मिलेगा नया हैंगआउट स्पॉट




रामनिवास बाग में अब खाने के साथ फन का भी नया ठिकाना बनेगा। 6.30 करोड़ की फूड चौपाटी में फूड ट्रक, प्ले जोन, गार्डन और ओपन एयर थिएटर आकर्षण होंगे। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी हर जानकारी पढ़िए विस्तार से...रामनिवास बाग में जल्द ही फूड, फन और हरियाली का नया स्पेस विकसित किया जाएगा। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) यहां करीब 6.30 करोड़ रुपये की लागत से फूड चौपाटी विकसित करने की तैयारी में है। करीब 5,920 वर्गमीटर क्षेत्र में बनने वाली चौपाटी में फूड ट्रक, सिटिंग एरिया, बच्चों का प्ले जोन, गार्डन और ओपन एयर थिएटर जैसी सुविधाएं होंगी। जेडीए के प्रोजेक्ट के अनुसार चौपाटी को रामनिवास बाग में मौजूदा स्पोर्ट्स कोर्ट के पास विकसित किया जाएगा। यहां वाहनों और पैदल आने वाले लोगों के लिए अलग प्रवेश की व्यवस्था होगी। फूड ट्रक और कियोस्क के लिए करीब 140 वर्गमीटर जगह रखी गई है, जबकि 662 वर्गमीटर में बैठने की व्यवस्था होगी। बच्चों के लिए करीब 600 वर्गमीटर में प्ले एरिया विकसित किया जाएगा। वहीं करीब 200 वर्गमीटर में ओपन एयर थिएटर बनाया जाएगा। इसके अलावा गार्डन, पैदल पाथवे, टॉयलेट, पेयजल, पार्किंग और अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।राजस्थानी अंदाज में होंगे फूड ट्रकचौपाटी के फूड ट्रकों का डिजाइन राजस्थानी थीम पर आधारित होगा। इनमें जालीदार नक्काशी, मेहराब और किले की आकृतियों का इस्तेमाल प्रस्तावित है। यहां चाट, कचौरी, राजस्थानी थाली, फ्यूजन फूड औ र पेय पदार्थों की सुविधा देने का कॉन्सेप्ट तैयार किया गया है।रात में रोशनी से जगमग होगा परिसरप्रोजेक्ट डिजाइन में शाम और रात के समय परिसर की लाइटिंग पर भी जोर दिया गया है। स्ट्रिंग लाइट्स, लैम्प पोस्ट, पाथवे लाइटिंग और फसाड इल्यूमिनेशन प्रस्तावित है। इसके लिए लागत अनुमान में 75 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। मास्टर प्लान में इनर और आउटर ग्रीन बेल्ट के साथ ग्रीन बफ र का भी प्रावधान है। स्पोर्ट्स कोर्ट और सड़क की ओर ग्रीन बेल्ट विकसित किए जाने हैं।

# हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा: 2025 का संशोधित परिणाम जल्द होगा जारी




बोर्ड अध्यक्ष शंकरलाल धूपड़ व सचिव दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि एचटेट-2026 परीक्षा के आयोजन से संबंधित आवश्यक कार्यवाही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रगति पर है। परीक्षा के आयोजन हेतु विभिन्न स्तरों पर आवश्यक तैयारियां एवं प्रक्रियाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार की जा रही हैं।अब हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा 2025 के प्रश्नपत्र की गलतियों को लेकर बेक फुट पर आ गया है। हरियाणा सरकार के निर्देश पर शिक्षा बोर्ड ने एचटेट 2025 का परीक्षा परिणाम संशोधित करने का निर्णय लिया है। रिवाइज रिजल्ट जल्द जारी होगा। बोर्ड के इस फैसले से बड़ी संख्या में अभ्यार्थियों को राहत मिलने की उम्मीद है। शिक्षा बोर्ड के एचटेट लेवल-1 (पीआरटी), लेवल-2 (टीजीटी) एवं

लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा 4 व 5 जुलाई को हुई थी। इसका परिणाम 22 अगस्त को घोषित किया था। परीक्षा परिणाम उपरांत अभ्यर्थियों से प्रश्न-पत्रों व उत्तरकुंजियों के संबंध में काफी सवाल उठाए थे। बोर्ड मुख्यालय के पास भी ऑनलाइन और आफ लाइन करीब 25 हजार से अधिक शिकायतें दर्ज कराई गई थी।लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा 4 व 5 जुलाई को हुई थी। इसका परिणाम 22 अगस्त को घोषित किया था। परीक्षा परिणाम उपरांत अभ्यर्थियों से प्रश्न-पत्रों व उत्तरकुंजियों के संबंध में काफी सवाल उठाए थे। बोर्ड मुख्यालय के पास भी ऑनलाइन और आफ लाइन करीब 25 हजार से अधिक शिकायतें दर्ज कराई गई थी।

सत्यापन की तिथियां जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर जारी की जाएंगी। संशोधित परीक्षा परिणाम अपलोड़ करने या अन्य किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि होने की अवस्था में बोर्ड को यह परिणाम वापस लेने का पूर्ण अधिकार होगा।


### इसी वर्ष होगी एचटेट-2026 परीक्षा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने हरियाणा सरकार के निर्देशों एवं न्यायालय के आदेश के अनुपालन में हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2026 का आयोजन इसी वर्ष करवाया जाना प्रस्तावित है।

बोर्ड अध्यक्ष शंकरलाल धूपड़ व सचिव दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि एचटेट-2026 परीक्षा के आयोजन से संबंधित आवश्यक कार्यवाही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रगति पर है। परीक्षा के आयोजन हेतु विभिन्न स्तरों पर आवश्यक तैयारियां एवं प्रक्रियाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि एचटेट-2026 परीक्षा का आयोजन हरियाणा सरकार के निर्देशों एवं न्यायालय के निर्णय के अनुसार इसी वर्ष किया जाना है। अतः सभी पात्र परीक्षार्थी परीक्षा की तैयारियां समयानुसार जारी रखें तथा परीक्षा से संबंधित आगामी सूचना एवं कार्यक्रम के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक सूचनाओं का अवलोकन करते रहें।

# ओडिशा: महानदी का जलस्तर बढ़ने से

## तटीय जिलों में मंडराया बाढ़ का खतरा, राज्य में एक लाख से ज्यादा लोग प्रभावित



ओडिशा में बाढ़ की स्थिति के बीच सरकार ने चार दिनों में 1.4 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। हीराकुंड बांध से पानी छोड़े जाने के बाद महानदी का जलस्तर बढ़ा है। कटक, खुर्दा, पुरी, जगतसिंहपुर और केंद्रपाड़ा में अलर्ट जारी है। ओडिशा सरकार ने पिछले चार दिनों में लगभग 1.4 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है, क्योंकि बाढ़ की एक नई लहर ने कई जिलों को प्रभावित किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। कितने लोगों को सुरक्षित निकाला है? राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने सोमवार को बताया कि सरकार ने 1,360 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 7,834 गांवों के निचले इलाकों से 1.4 लाख लोगों को सुरक्षित निकाला है। इसके अलावा, 38 शहरी स्थानीय निकायों के 219 वार्ड भी प्रभावित हुए हैं।अधिकारियों ने क्या बताया? अधिकारियों ने बताया कि हीराकुंड बांध से अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के बाद महानदी नदी में भी मामूली बाढ़ की स्थिति बनी। यह नदी घनी आबादी वाले तटीय जिलों से होकर गुजरती है। जल संसाधन विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ दिलीप कुमार राउत ने बताया कि महानदी में मामूली बाढ़ की स्थिति तब बनी जब कटक के पास मुंडाली गेज स्टेशन पर लगभग 8 लाख क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया। उन्होंने कहा,'महानदी में मुंडाली पर 10 लाख क्यूसेक से ज्यादा के बहाव को बड़ी बाढ़ माना जाता है।'सरकार को क्या उम्मीद है? राउत ने कहा कि कटक, खुर्दा, पुरी, जगतसिंहपुर और केंद्रपाड़ा के जिला प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है, क्योंकि पानी का बढ़ता स्तर महानदी डेल्टा क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ ला सकता है। वहीं, मंत्री ने कहा कि सरकार को उम्मीद है कि अगले 24 घंटों में हालात बेहतर हो जाएंगे, क्योंकि कई नदियों में पानी का स्तर कम होने लगा है। सबसे ज्यादा प्रभावित बालासोर जिले के बारे में बात करते हुए कलेक्टर सूर्यवंशी मयूर विकास ने कहा 'सुवर्णरेखा, बुधाबलंग और जलका नदियों में आई बाढ़ से 11 ब्लॉक के 3.5 लाख से ज्याद लोग प्रभावित हुए हैं। राउत ने कहा कि उत्तरी ओडिशा की नदियां, जिनमें सुवर्णरेखा भी शामिल है। खतरे के निशान से नीचे बह रही थीं। उन्होंने कहा कि हालांकि नदियों में पानी का स्तर कम हो गया है, लेकिन बालासोर, भद्रक और जाजपुर जिलों के कई गांवों में लगभग तीन फीट बाढ़ का पानी दर्ज किया गया है, जिसके कारण राज्य सरकार को राहत कार्यों में तेजी लानी पड़ी है।राउत ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि सोमवार रात को (महानदी में) बाढ़ का सबसे ज्यादा स्तर होगा और मुंडली में पानी का बहाव 8 लाख क्यूसेक तक पहुंच जाएगा।' उन्होंने कहा कि हीराकुंड बांध के 30 स्लुइस गेट से बाढ़ का पानी छोड़ा जा रहा है।जिला प्रशासन को क्या निर्देश दिए? मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्थानीय स्तर पर आई बाढ़, सड़कों पर पानी जमा होने और जरूरत पड़ने पर शहरी अंडरपास बंद करने के बारे में तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि संबंधत अधिकारियों को भूस्खलन और पानी से भरे इलाकों में बागवानी की उपज और खड़ी फसलों को होने वाले नुकसान को लेकर सतर्क रहने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# आप के चंदे में आई कमी: पार्टी के फंड में 68

## फीसदी की गिरावट, मिले 12.10 करोड़; दो बड़े दाताओं ने दिए 10 करोड़




2025-26 में आम आदमी पार्टी को मिले चंदे में 68 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। पार्टी को कुल 12.10 करोड़ रुपये मिले हैं। रिपोर्ट में टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस और बीजद के चंदे में आए बदलाव की भी जानकारी सामने आई है।आम आदमी पार्टी ने 2025-26 में पार्टी को मिले चंदे की जानकारी दी है। पार्टी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस दौरान पार्टी को कुल 12.10 करोड़ रुपये का चंदा मिला है,जो कि पिछले साल के मुकाबले 68 प्रतिशत कम है। इस पूरी धनराशि का करीब 83 प्रतिशत हिस्सा 'प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट' और 'ट्राइडेंट लिमिटेड' से प्राप्त हुआ है। बता दें, ट्राइडेंट लिमिटेड कंपनी पूर्व सांसद राजिंदर गुप्ता की है। पार्टी की तरफ से चुनाव आयोग को दी गई जानकारी के अनुसार, दोनों कंपनियों ने आप को पांच-पांच करोड़ रुपये दिए। इसके अलावा लगभग 2.10 करोड़ रुपये का चंदा भी कंपनी को प्राप्त हुआ था।आप सांसद ने कितना फंड दिया?

बता दें, गुप्ता अक्टूबर, 2025 में आप के टिकट पर राज्यसभा के लिए चुने गए थे। ट्राइडेंट कंपनी का पांच करोड़ रुपये का यह चेक 9 जनवरी, 2026 का था। उस समय गुप्ता दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी के साथ थे। हालांकि, इस साल अप्रैल में वे भाजपा में शामिल हो गए।

पिछले साल पार्टी को कितना चंदा मिला?

आप ने 2024-25 में पार्टी को मिले 38.10 करोड़ रुपये चंदे की जानकारी दी थी, जो 2023-24 में दी गई जानकारी के अनुसार, करीब 11.06 करोड़ रुपये के चंदे से तीन गुना से ज्यादा थी। 2024-25 में प्रूडेंट कंपनी से पार्टी को सबसे ज्यादा चंदा मिला था, जिसने पार्टी को 16.40 करोड़ रुपये दिए थे। इस ताजा रिपोर्ट के अनुसार, यह जानकारी पहले पूरे वित्तीय वर्ष की है जब फरवरी 2025 में दिल्ली में आप की सरकार चली गई थी। इस समय पंजाब में आप सरकार चला रही है। ट्राइडेंट कंपनी का मुख्यालय भी पंजाब में ही है। इस ताजा रिपोर्ट में 1,202 नंबर एंट्रीज हैं। इसमें पंजाब आप के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा का नाम कुल 10,000 रुपये के 12 पेमेंट के सामने है, जो कुल मिलाकर 1.20 लाख रुपये होते हैं। इसके अलावातीन अन्य क्षेत्रीय पार्टियों की रिपोर्ट से भी पता चलता है कि 2024 के विधानसभा चुनावों के बाद से उनके बताए गए चंदे में कैसे बदलाव आया है।किस पार्टी को कितना फंड मिला?

आंध्र प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी टीडीपी (तेलुगु देशम पार्टी) ने 2025-26 में 58.25 करोड़ रुपए के चंदा मिलने की जानकारी दी है। यह धनराशि पिछले साल के मुकाबले 83.03 करोड़ रुपए से कम है। प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने पार्टी को 45 करोड़ रुपए चंदा दिए, जोकि 2024-25 के मुकाबले 40 करोड़ रुपए से ज्यादा हैं। आंध्र प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने 24.31 करोड़ रुपए चंदा मिलने की जानकारी दी है। 2024-25 के मुकाबले यह करीब 140.04 करोड़ रुपए कम है। हाल की रिपोर्ट के अनुसार, इसका सबसे बड़ा डोनर गुडवुड सैंक्चुअरी प्राइवेट लिमिटेड था, जिसने 10 करोड़ रुपए का चंदा दिय

# राम अमीरों के, शिव गरीबों के भगवान



तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसे लेकर सियासी विवाद खड़ा हो गया है। रेवंत रेड्डी ने उत्तर और दक्षिण भारत की धार्मिक एवं राजनीतिक पहचान में अंतर का जिक्र करते हुए एक टिप्पणी की, जिस पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे हिंदुओं को बांटने की साजिश बताया है।

रेवंत रेड्डी ने क्या कहा?

राष्ट्रीय राजधानी में एक मीडिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने भाजपा की ओर से बार-बार लगाए जाने वाले 'जय श्री राम' के नारे पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के अन्य नेता 'हर हर महादेव' का नारा क्यों नहीं लगाते?

रेवंत रेड्डी ने कहा, 'हम द्रविड़ हैं। यहां (उत्तर भारत में) लोग आर्य हैं। हम शिव के भक्त हैं, जबकि यहां लोग भगवान राम के भक्त हैं। भाजपा ने राम को चुरा लिया। यह एक भावना है, एक संवेदना है। मोदी जी 'हर हर महादेव' क्यों नहीं कहते? क्या आपने कभी भाजपा के लोगों को मंच पर 'हर हर महादेव' कहते देखा है? वे केवल 'जय श्री राम' कहते हैं। जब हम 'हर हर महादेव' का जाप करते हैं तो उन्हें यह पसंद नहीं आता।'

भगवान राम को बताया अमीरों का भगवान

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने भगवान शिव को 'गरीबों का भगवान' और भगवान राम को 'अमीरों का भगवान' बताया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देवताओं की लोग पूजा करते हैं। उत्तर और दक्षिण भारत की राजनीतिक संस्कृतियों और सामाजिक पहचान में व्यापक अंतर होने के तर्क के समर्थन में रेवंत रेड्डी ने यह टिप्पणी की।

- भाजपा का आरोप- ये हिंदुओं को बांटने की साजिशरेवंत रेड्डी के बयान पर भाजपा ने तीखा पलटवार किया है। भाजपा ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के निर्देश पर इस तरह की बयानबाजी करने का आरोप लगाया।
- भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि रेड्डी की टिप्पणी का मकसद हिंदुओं को बांटना है और यह कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा है।
- भंडारी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने वोट बैंक की राजनीति के लिए और राहुल गांधी के निर्देश पर हिंदुओं को बांटने का नया तरीका खोजने की कोशिश में यह टिप्पणी की।
- भंडारी ने कांग्रेस को आधुनिक मुस्लिम लीग कांग्रेस भी बताया और दावा किया कि उसके नेता 'भगवान राम और भगवान शिव के अनुयायियों के बीच हिंदुओं को बांटने की अपनी कथित साजिश में सफल नहीं होंगे।'
- भंडारी ने कहा, 'देश यह नहीं भूला है कि कांग्रेस ने सोमनाथ मंदिर के निर्माण का विरोध किया, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का विरोध किया और 2018 में हर हर महादेव का उद्घोष करने पर पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं को निलंबित कर दिया।'
- 
- **उन्होंने रेवंत रेड्डी के उस दावे को भी खारिज किया कि भाजपा नेता हर हर महादेव का नारा नहीं लगाते। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ही ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो 'जय श्री राम' और 'हर हर महादेव' दोनों का जाप करते हैं। वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोग यह भी नहीं जानते कि रामायण के लंकाकांड में लंका जाने से पहले भगवान राम ने महादेव की पूजा की थी।'**

# आज कई जगह आंधी-बारिश के आसार




देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदल गया है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जम्मू-कश्मीर से उत्तराखंड तक पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश का दौर जारी है। कई क्षेत्रों में तापमान में 10 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। केदारनाथ मार्ग पर भूस्खलन के कारण यात्रा रोकी गई, जबकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु रास्ते में फंस गए। उधर, वैष्णो देवी यात्रा खराब मौसम और बूंदाबांदी के बावजूद जारी रही और हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। सुरक्षा के मोर्चे पर पाकिस्तान सीमा के करीब भारतीय वायुसेना का बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास तरंग शक्ति-2026 ऑपरेशनल चरण में पहुंच गया है। राजस्थान के पांच एयरबेस पर हो रहे इस अभ्यास में पहली बार अमेरिका का पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ विमान एफ-35ए शामिल हुआ है। इससे भारतीय वायुसेना को नेटवर्क-केंद्रित युद्ध और आधुनिक लड़ाकू विमानों की तकनीक समझने का मौका मिलेगा। इसी बीच, पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने के प्रोजेक्ट से एचएएल के बाहर होने की खबर भी चर्चा में है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका में एफबीआई ने गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ को अपनी टेन मोस्ट वांटेड फ्यूजिटिव्स सूची में शामिल किया है। उसकी गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी के लिए 10 लाख डॉलर तक के इनाम का ऐलान किया गया है। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को चुनावी फंडिंग के मामले में भी अदालत से झटका लगा है। संघीय न्यायाधीश ने कुछ राज्यों की फंडिंग रोकने के अधिकार पर रोक लगाई है। तकनीक और अंतरिक्ष की दुनिया में स्पेसएक्स के स्टारशिप ने पहली बार कक्षा तक उड़ान भरते हुए स्टारलिंक के उपग्रह पहुंचाए। हालांकि सुरक्षा कारणों से उड़ान को तय अवधि से पहले खत्म किया गया। भारत-अमेरिका संबंधों के बीच ट्रंप ने भारतीय एस्सार ग्रुप के आयोवा में प्रस्तावित 15 अरब रुपये के स्टील प्लांट का अनावरण किया, जिसे अमेरिका का सबसे बड़ा स्टील संयंत्र बताया गया है। खेल जगत में भारतीय मूल की बोधना सिवानंदन ने 11 साल की उम्र में सबसे युवा महिला ग्रैंडमास्टर बनकर इतिहास रचा। वहीं एशियन गेम्स में वित्या रामराज ने 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीतते हुए पीटी उषा का 42 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। राजनीति में यूजीसी, यूसीसी और यूपीआई जैसे तीन मुद्दों को लेकर आने वाले विधानसभा चुनावों से पहले घमासान बढ़ने के आसार हैं। आइए, विस्तार से देश-विदेश की अहम खबरों पर नजर डालते हैं...

# खेती में 18.5% टैक्स-फ्री मुनाफे का झांसा?: सेबी ने ग्रोपिटल पर कसा शिकंजा, 192.88 करोड़ लौटाने का आदेश




खेती में निवेश के नाम पर 18.5 प्रतिशत तक टैक्स-फ्री मुनाफे का दावा करने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म ग्रोपिटल पर सेबी ने बड़ी कार्रवाई की है। 5,208 निवेशकों से 192.88 करोड़ रुपये जुटाने के मामले में पैसा ब्याज समेत लौटाने का आदेश दिया गया है। लेकिन निवेशकों को जमीन का मालिक बनाने का दावा कितना सही था? सेबी की जांच में जमीन, उपज और राजस्व को लेकर क्या सामने आया?खेती में निवेश कर मोटा और टैक्स-फ्री मुनाफा कमाने का सपना दिखाने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म ग्रोपिटल पर बाजार नियामक सेबी ने बड़ी कार्रवाई की है। सेबी ने बिना वैध पंजीकरण के सामूहिक निवेश योजना चलाने के मामले में ग्रोपिटल और उससे जुड़ी 28 इकाइयों पर 25 करोड़ रुपये से ज्यादा की पेनल्टी लगाई है। साथ ही 5,208 निवेशकों से जुटाए गए 192.88 करोड़ रुपये 12 प्रतिशत सालाना ब्याज के साथ लौटाने का आदेश दिया गया है। सेबी के रिकॉर्ड में 28 सितंबर 2026 को ग्रोपिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ा अंतिम आदेश दर्ज है।

**ग्रोपिटल ने निवेशकों को किस तरह का मुनाफा दिखाया था?**
ग्रोपिटल ने कृषि में निवेश के नाम पर आम लोगों को 18.5 प्रतिशत तक टैक्स-फ्री मुनाफे का भरोसा दिया था। प्लेटफॉर्म ने अप्रैल 2020 से जनवरी 2024 के बीच निवेशकों से पैसा जुटाया। इसके लिए कुल 18 योजनाएं पेश की गईं और निवेश की न्यूनतम रकम सिर्फ 5,000 रुपये रखी गई थी। यानी छोटी रकम से शुरुआत करने वाले लोगों को भी खेती से जुड़े निवेश में पैसा लगाने का रास्ता दिया गया। सेबी के आदेश के मुताबिक, इस पूरी व्यवस्था को अब बंद करने और निवेशकों का पैसा वापस करने का निर्देश दिया गया है।

**192.88 करोड़ रुपये कैसे जुटाए गए और एलएलपी का क्या खेल था?**
सेबी के अनुसार, ग्रोपिटल ने निवेशकों को विश्वास दिलाने के लिए उन्हें लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप यानी एलएलपी में भागीदार बनाया। इससे निवेशकों को ऐसा लग सकता था कि वे कृषि से जुड़ी जमीन और कारोबार में सीधे हिस्सेदार हैं। लेकिन जांच में सामने आया कि जमीन की लीज और मालिकाना हक से जुड़े दस्तावेज निवेशकों के नाम पर नहीं थे। ये दस्तावेज प्रमोटर कंपनी योटा एग्रो या उसकी सहायक कंपनियों के नाम पर थे। सेबी के मुताबिक, निवेशकों के पास जमीन पर कोई मालिकाना हक नहीं था।सेबी के आदेश के मुताबिक, निवेशकों से जुटाई गई 192.88 करोड़ रुपये की रकम उन्हें 12 प्रतिशत सालाना ब्याज के साथ लौटानी होगी।इसके अलावा ग्रोपिटल और उससे जुड़ी 28 इकाइयों पर कुल 25 करोड़ रुपये से ज्यादा की पेनल्टी लगाई गई है।

**सेबी की जांच में जमीन और कमाई को लेकर क्या सामने आया?**
सेबी की जांच में यह भी सामने आया कि प्लेटफॉर्म के पास उसके दावों के मुताबिक पर्याप्त जमीन नहीं थी। जांच में यह सवाल उठा कि जितनी उपज और राजस्व का दावा किया गया था, उसके अनुरूप जमीन और उत्पादन मौजूद नहीं था। इसी आधार पर नियामक ने पूरी योजना पर कार्रवाई की। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश वार्ष्णेय ने 28 सितंबर को जारी अंतिम आदेश में योजना बंद करने और निवेशकों की रकम लौटाने का निर्देश दिया। नियामक ने मुख्य प्रमोटरों और संबंधित इकाइयों को अधिकतम पांच साल तक प्रतिभूति बाजार से दूर रखने का भी आदेश दिया है।

## यूएस: अमेरिका में इतिहास का सबसे बड़ा स्टील प्लांट लगाएगा भारत का एस्सार ग्रुप, ट्रंप ने एलान कर क्या कहा?




**एस्सार ग्रुप और ट्रंप ने क्या कहा?**
ट्रंप ने ओवल ऑफिस में एस्सार ग्रुप के सह-संस्थापक रवि रुइया और उनके बेटे रेवंत रुइया की मौजूदगी में सोमवार को निवेश संबंधी घोषणा की। ट्रंप ने कहा, आज, हम यह घोषणा करते हुए उत्साहित हैं कि मेसाबी मेटालिक्स आयोवा राज्य में अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा स्टील प्लांट बनाएगा। एस्सार ग्रुप के मेसाबी मेटालिक्स के अध्यक्ष रेवंत रुइया ने अमेरिका में चीजों के निर्माण के महत्व को वापस लाने के लिए ट्रंप को धन्यवाद दिया। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि मेसाबी मेटालिक्स का लक्ष्य 2030 तक इस प्लांट में उत्पादन शुरू करना है। यहां सालाना 10 दस लाख टन स्टील का उत्पादन होने का अनुमान है।

**देश में सबसे बड़ा: सालाना 10 दस लाख टन स्टील का उत्पादन**
प्लांट शुरू होने के बाद आयोवा राज्य में 1,750 स्थायी रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता टेलर रोजर्स ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी उद्योग के पुनर्निर्माण, विनिर्माण को वापस लाने और नए रोजगार सृजित करने के अपने वादे को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज की यह घोषणा अमेरिकी स्टील उद्योग को पुनर्जीवित करने के राष्ट्रपति के ऐतिहासिक प्रयासों को रेखांकित करती है। इस घोषणा की खबर सबसे पहले द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी थी। पूर्वी आयोवा में यह नया मिल मेसाबी मेटालिक्स द्वारा बनाया जा रहा है। यह मिनेसोटा-आधारित कंपनी भारत के एस्सार ग्रुप के स्वामित्व में है। व्हाइट हाउस ने कहा कि प्लांट पूरी तरह से बनने पर सालाना 10 दस लाख टन स्टील का उत्पादन करेगा। यह अमेरिका में किसी भी अन्य प्लांट से अधिक होगा।रेवंत रुइया ने बताया कि यह प्लांट नवीनतम तकनीक का उपयोग करेगा। यह आकार, गुणवत्ता और लागत के मामले में दुनिया के किसी भी स्टील प्लांट के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा करेगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि प्लांट में बनने वाला स्टील शुरू से अंत तक संयुक्त राज्य अमेरिका में ही उत्पादित होगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप विदेशी श्रम के बजाय मेहनती अमेरिकियों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय कारोबारी घराने- एस्सार ग्रुप के आयोवा में 15 अरब रुपये के विशाल स्टील प्लांट की योजना का अनावरण किया। यह अमेरिका का सबसे बड़ा स्टील संयंत्र होगा, जो 2030 तक उत्पादन शुरू करेगा। इससे हजारों रोजगार पैदा होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की एस्सार ग्रुप की एक बड़ी परियोजना का अनावरण किया। आयोवा में 15 अरब रुपये के निवेश से एक विशाल स्टील प्लांट बनाने की है पहल की गई है। व्हाइट हाउस ने बताया कि यह अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा स्टील संयंत्र होगा। इस घोषणा से अमेरिकी उद्योग को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ अमेरिका में रोजगार के नए अवसर पैदा की उम्मीद बढ़ गई है। सरकार ने इसे ट्रंप की प्रतिबद्धता बताया है। खदान और रोजगार का क्या है महत्व?
इस प्लांट के लिए आवश्यक लौह अयस्क मिनेसोटा में एक नई खदान से आएगा। कंपनी ने इस खदान के निर्माण में 2.5 अरब रुपये का निवेश किया है। यह खदान सालाना करीब 7.5 दस लाख टन लौह अयस्क का उत्पादन करेगी। इससे मिनेसोटा राज्य में लगभग 350 रोजगार पैदा होंगे। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने बताया कि यह 50 साल में अमेरिका की पहली नई लौह अयस्क खदान होगी। यह खदान मिनेसोटा की मेसाबी आयरन रेंज में स्थित है। यह रेंज 80 से 100 मील तक फैली हुई है।

## एलन मस्क का सबसे बड़ा दांव: पहली बार अंतरिक्ष में पहुंचा दुनिया का सबसे ताकतवर रॉकेट; 26 स्टारलिंक V3 भी साथ




एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने सोमवार को अंतरिक्ष अभियान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। कंपनी का विशाल अंतरिक्ष यान स्टारशिप सफलतापूर्वक पृथ्वी की कक्षा में पहुंच गया और इसके साथ ही उसने 26 अगली पीढ़ी के स्टारलिंक वी3 उपग्रहों की सफल तैनाती भी की। यह उपलब्धि चंद्रमा और मंगल ग्रह के भविष्य के अभियानों के लिए पूरी तरह पुन: उपयोग योग्य प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। भारतीय समयानुसार शाम 6:16 बजे इस रॉकेट को लॉन्च किया गया था। हालांकि मिशन पूरी तरह सहज नहीं रहा। उड़ान के दौरान वाहन के छह रैप्टर वैक्यूम (आरवी) इंजनों में से एक इंजन बंद हो गया, जिससे मिशन कंट्रोल टीम के सामने कुछ समय के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। लेकिन शेष इंजनों के प्रदर्शन और उनकी स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद इंजीनियरों ने मिशन को जारी रखने का निर्णय लिया और अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक कक्षा तक पहुंचाया। स्पेसएक्स के मुताबिक कक्षा में पहुंचने के बाद स्टारलिंक V3 सैटेलाइट अपने एंटीना और सोलर एरे तैनात करेंगे। वे रेडियो फ्रीक्वेंसी और लेजर लिंक के जरिए ग्राउंड सिस्टम तथा मौजूदा स्टारलिंक नेटवर्क से संपर्क स्थापित करेंगे। इसके बाद अपने ऑनबोर्ड थ्रस्टर्स की मदद से अपनी कक्षा को ऊपर उठाएंगे। ऑर्बिट में जरूरी जांच पूरी होने के बाद इनके कुछ हफ्तों में ग्राहकों को सेवा देना शुरू करने की उम्मीद है।

**पहली बार पृथ्वी की कक्षा में पहुंचा स्टारशिप**
स्पेसएक्स की योजना के मुताबिक स्टारशिप करीब 275 किलोमीटर की ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए पृथ्वी के लगभग छह चक्कर लगाएगा। पूरा मिशन करीब 10 घंटे चलने की उम्मीद है। इसके बाद स्टारशिप के प्रशांत महासागर में चिली के पश्चिमी तट के पास स्प्लैशडाउन करने की योजना है। यह उड़ान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे स्टारशिप को पूरी तरह और तेजी से दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले अंतरिक्षयान के रूप में विकसित करने के अगले चरण की शुरुआत होगी। इस मिशन में पहली बार स्टारलिंक V3 सैटेलाइट तैनात किए गए हैं। स्पेसएक्स के अनुसार 26 सैटेलाइटों को भी कक्षा में भेजा गया है। कंपनी का कहना है कि नई पीढ़ी के ये सैटेलाइट स्टारलिंक नेटवर्क की क्षमता और इंटरनेट सेवा की गति को काफी बढ़ाने में मदद करेंगे। स्टारलिंक V3 सैटेलाइट को ज्यादा डेटा क्षमता, अधिक पावर और बेहतर नेटवर्क क्षमता के लिए डिजाइन किया गया है। उपलब्ध मिशन विवरण के अनुसार प्रत्येक सैटेलाइट करीब 1 Tbps डाउनलिंक क्षमता जोड़ सकता है।स्टारशिप-सुपर हेवी की ऊंचाई करीब 124.4 मीटर यानी लगभग 407 फीट है। इसमें दो मुख्य हिस्से हैं सुपर हैवी बूस्टर और स्टारशिप ऊपरी चरण। दोनों को भविष्य में तेजी से दोबारा इस्तेमाल किए जाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। स्पेसएक्स के लिए इसका लक्ष्य केवल एक बड़ी रॉकेट उड़ान भरना नहीं है। कंपनी लंबे समय से ऐसे लॉन्च सिस्टम को विकसित कर रही है, जिसका इस्तेमाल भविष्य में चंद्रमा और मंगल से जुड़े मिशनों के लिए भी किया जा सके।फ्लाइट 14 में सुपर हेवी बूस्टर के लिए लॉन्च के बाद सफल चढ़ाई, स्टेज सेपरेशन, बूस्टबैक बर्न और लैंडिंग बर्न महत्वपूर्ण परीक्षण होंगे। इसके बाद बूस्टर की लैंडिंग की योजना खाड़ी में एक समुद्री क्षेत्र में है। पिछले परीक्षण में सामने आई समस्याओं को देखते हुए हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर में बदलाव किए गए हैं।स्टारशिप का ऊपरी चरण पहले ऑर्बिटल इंसर्शन मैनूवर को अंजाम देने के अलावा 26 स्टारलिंक V3 सैटेलाइट तैनात करेगा। इसके बाद अंतरिक्ष में एक रैप्टर इंजन की मदद से डीऑर्बिट बर्न किया जाएगा।

## सोने का आयात: वित्तीय वर्ष 2027 में भारत के सोने का आयात घटने की संभावना, रिपोर्ट में क्या सामने आया?



**वित्त वर्ष 2027 के पहले पांच महीनों में कैसे रहे आंकड़े?**
रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2027 के पहले पांच महीनों में सोने का आयात 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले साल की समान अवधिक में 16.9 अरब अमेरिकी डॉलर का था। रिपोर्ट कहती है, वित्त वर्ष 2026 में कुल आयात 72 अरब अमेरिकी डॉलर का था। रिपोर्ट का दावा है, हाल में सरकार द्वारा सोने के आयात शुल्क में छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किए जाने की वजह से घरेलू बाजार में सोने की खरीदारी में कमी आई है। वहीं सोने की रिकॉर्ड कीमतों में वृद्धि के साथ आयात शुल्क में दोहरे अंकों की वृद्धि ने घरेलू बाजार में सोने की कीमतों को बढ़ा दिया है। रिपोट कहती है, यदि सरकार आयात शुल्क में कटौती करती हैं, तो सोने का आयात सामान्य स्तर पर वापस आ सकता है।रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है, कराधान संरचना में बदलाव से सोने के आयात को कम करने, परिवारों को मौजूदा सोने का पुनर्चक्रण करने के लिए प्रोत्साहित करने और सरकारी राजस्व की रक्षा करने में सहायता मिल सकती है। रिपोर्ट के अनुसार हम लंबे समय से सोने पर उच्च जीएसटी दरों और कम आयात शुल्क के लिए एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में तर्क दे रहे हैं

वित्त वर्ष 2027 में भारत के सोने के आयात में 88 अरब अमेरिकी डॉलर के पूर्वानुमान में गिरावट की संभावना जताई है, क्योंकि आधिकारिक मासिक आयात में मई में गिरावट आई, हालांकि त्योहारी मांग की वजह से इसमें सुधार होने की उम्मीद भी कोटक ने जताई है। सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी, आयात शुल्क 6% से बढ़ाकर 15% किए जाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सोना खरीदने से बचने की सलाह का असर घरेलू मांग पर पड़ा है। इसके अलावा, दुनियाभर में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई बढ़ने की चिंता ने भी सोने की मांग को कमजोर किया है। इसी को देखते हुए कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने वित्त वर्ष 2027 में भारत के सोने के आयात के अनुमान में 88 अरब डॉलर की कमी आने की संभावना जताई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक मई में सोने के मासिक आयात में गिरावट भी दर्ज की गई। हालांकि, कोटक का मानना है कि आने वाले त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने से सोने के आयात में कुछ सुधार हो सकता है।रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2027 के अंत में 88 अरब अमेरिकी डॉलर के सोने के आयात का अनुमान फर्म ने लगाया है। हालांकि आगामी त्योहारी सीजन में मांग में तेजी के संभावना है।

## द बोनस मार्केट अपडेट: सेंसेक्स 600 अंक टूटा, निफ्टी 22,700 के नीचे फिसला; जानिए क्या है इस गिरावट का कारण




भारतीय शेयर बाजार में सप्ताह की शुरुआत कमजोर रही। सेंसेक्स 600 से अधिक अंक गिरा, जबकि निफ्टी 22,600 के नीचे पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बाजार को नीचे खींचा। जानें वैश्विक बाजारों का हाल और तकनीकी विश्लेषण।भारतीय शेयर बाजार में सप्ताह की शुरुआत कमजोर रही। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 600 से अधिक अंक टूट गया। निफ्टी भी 22,600 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे फिसल गया।सुबह 10:02 बजे सेंसेक्स 616.08 अंक यानी 0.84% गिरकर 72,155.64 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं, निफ्टी 190.25 अंक यानी 0.84% की गिरावट के साथ 22,590.00 अंक पर पहुंच गया। दोनों प्रमुख सूचकांकों में करीब 0.84% की गिरावट से शुरुआती कारोबार में बाजार पर दबाव साफ नजर आया।
सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और इंफोसिस प्रमुख रूप से गिरे। वहीं, सन फार्मा, इंटरग्लोब एविएशन और अदाणी पोर्ट्स के शेयर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.74 फीसदी बढ़कर 107.1 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 5,353.22 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे बड़े शेयरों ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे खींचा। विश्लेषकों ने बताया कि 22,600 से नीचे की निर्णायक गिरावट बिकवाली के दबाव को और बढ़ा सकती है। इससे सूचकांक 22,400 की ओर बढ़ सकता है। यह स्तर पिछले दो वर्षों की प्रमुख निचले प्रवृत्ति रेखा और 200-सप्ताह के ईएमए से जुड़ा है, जो महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करता है।भारतीय शेयर बाजार में आई इस गिरावट की मुख्य वजह वैश्विक तनाव और आर्थिक दबाव हैं।

# पायरे: 18 इंटरनेशनल अवॉर्ड जीत चुकी विनोद कापड़ी की फिल्म सिनेमाघरों में देगी दस्तक




Vinod Kapri's Movie Pyre: नेशनल अवॉर्ड विजेता विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायरे' सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उत्तराखंड में शूट हुई यह फिल्म एक बुजुर्ग दंपति के प्यार, अकेलेपन और बच्चों के पलायन के बाद उनके इंतजार की कहानी दिखाती है। उत्तराखंड के कुमाऊं की खूबसूरत वादियों में बसे एक बुजुर्ग दंपति की कहानी अब बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्ममेकर विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायरे' जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। फिल्म में 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी पहली बार अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म प्यार, अकेलेपन, यादों और बच्चों के पलायन के बीच माता-पिता के इंतजार की कहानी बयां करती है। 'पायरे' 23 अक्टूबर, 2026 को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसमें कुमाऊं क्षेत्र के एक दूरदराज गांव की पृष्ठभूमि पर बनी एक बुजुर्ग दंपति की कहानी देखने को मिलेगी, जिनकी जिंदगी उनके घर, पुरानी यादों और एक-दूसरे के इर्द-गिर्द घूमती है। उनके बच्चे बेहतर भविष्य की तलाश में गांव से दूर जा चुके हैं और बुजुर्ग दंपति उनके लौटने का इंतजार कर रहा है। फिल्म के दोनों मुख्य कलाकारों को चुनने के बारे में निर्देशक विनोद कापड़ी ने एक रिलीज के अनुसार कहा कि उनके असली जीवन के अनुभवों ने कहानी को स्वाभाविक बनाने में मदद की। उन्होंने कहा, 'पायरे आखिरकार दो लोगों के बीच प्यार की कहानी है, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी साथ बिताई है और माता-पिता और उनके बच्चों के बीच प्यार की भी। मैं इस कहानी को ऐसे दो लोगों के जरिए बताना चाहता था, जिन्होंने खुद ऐसी जिंदगी जी है।पदम सिंह जी और हीरा देवी जी को ढूंढना एक असाधारण अनुभव था। उनके रिश्ते, उनकी खामोशी और भावनाओं ने पर्दे पर ऐसी सच्चाई ला दी, जिसे कोई पेशेवर कलाकार दोबारा नहीं बना सकता था।'

# ऐश्वर्या राय: पेरिस फैशन वीक में छाईं अभिनेत्री

## ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा इन सितारों के साथ किया रैंप वॉक




Aishwarya Rai Bachchan Paris Fashion Week: पेरिस फैशन वीक से अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आई हैं, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इनमें एक्ट्रेस का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन एक बार फिर अपने शानदार अंदाज को लेकर चर्चा बनी हुई हैं। दरअसल, एक्ट्रेस 28 सितंबर को पेरिस फैशन वीक इवेंट का हिस्सा बनीं, जहां से अब उनकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। ऐश्वर्या राय ने एफिल टावर के सामने प्लेस जोफ्रे में केंडल जेनर और इवा लोंगोरिया जैसी ग्लोबल आइकन्स के साथ रैंप वॉक किया। बता दें कि इस साल शो की थीम 'वॉक यॉर वर्थ' थी, जो आत्मविश्वास, विविधता और महिलाओं की एकजुटता का जश्न मनाती है। ब्यूटी ब्रांड की लंबे समय से ग्लोबल एंबेसडर रहीं ऐश्वर्या ने लोरियल पेरिस के 'ले डीफिल' के नौवें संस्करण में हिस्सा लिया। इस दौरान अभिनेत्री शाही अंदाज में नजर आईं। अपने लुक को पूरा करने के लिए अभिनेत्री ने बालों को कर्ल किया और टियारा भी लगाया। वहीं, उन्होंने ड्यूई मेकअप और रेड लिपस्टिक के साथ अपने लुक को पूरा किया। इस सितारों से सजे शो में ऐश्वर्या ने सिमोन ऐश्ली, वियोला डेविस, जेन फोंडा और सेलीन डियोन सहित कई इंटरनेशनल को-एंबेसडर्स के साथ रैंप शेयर किया। शाम का एक खास पल तब देखने को मिला, जब ऐश्वर्या और सेलीन डियोन ने एक-दूसरे का हाथ थामा, गर्मजोशी से गले मिलीं और किस किया। इसके बाद दोनों ने स्टेज पर अचानक डांस भी किया। इवेंट से एक दिन पहले अभिनेत्री फ्रांस की राजधानी पेरिस में अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ नजर आईं।वहीं, ऐश्वर्या की आखिरी थिएटर रिलीज निर्देशक मणि रत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन: II' थी।

# रियलिटी शोज: छोटे पर्दे पर क्यों उतरे बड़े सितारे?

## बॉलीवुड से क्रिकेट तक इन दिग्गजों ने संभाली होस्ट की सीट




Stars Who Host TV Show: जिन चेहरों को दर्शक बड़े पर्दे, क्रिकेट के मैदान या फिल्मों के प्रमोशन के दौरान देखते थे, अब वही सितारे टीवी के अलग-अलग शो को होस्ट करते हुए लोगों के घरों तक पहुंच रहे हैं। एक दौर था जब बड़े बॉलीवुड सितारों के लिए टेलीविजन पर आना किसी खास मौके जैसा माना जाता था। अमिताभ बच्चन ने साल 2000 में 'कौन बनेगा करोड़पति' के साथ टीवी की दुनिया में कदम रखा और इसके बाद सलमान खान, शाहरुख खान, आमिर खान और अक्षय कुमार जैसे बड़े नाम भी अलग-अलग टीवी फॉर्मेट का हिस्सा बने। लेकिन 2026 में जिस तरह एक के बाद एक बड़े सितारे छोटे पर्दे पर नजर आ रहे हैं, उसने इस ट्रेंड को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है।इस समय टीवी पर अजय देवगन, अनिल कपूर, अमिताभ बच्चन, सलमान खान और माधुरी दीक्षित जैसे नाम अलग-अलग शो की कमान संभाल रहे हैं। पर रितेश देशमुख पहले ही 'बिग बॉस मराठी' के जरिए दर्शकों से जुड़ चुके हैं। यानी सिनेमा, क्रिकेट और टीवी के बीच की पुरानी सीमाएं अब काफी हद तक धुंधली होती दिख रही हैं। बॉलीवुड के 'सिंघम' अजय देवगन के लिए 2026 टीवी डेब्यू का साल बन गया। उन्होंने 'क्राइम पेट्रोल- क्राइम का करट सीजन' में होस्ट और नैरेटर की भूमिका संभाली। शो का नया सीजन 31 अगस्त से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर शुरू हुआ। अजय का टीवी डेब्यू इसलिए भी चर्चा में रहा, क्योंकि 'क्राइम पेट्रोल' लंबे समय से अनूप सोनी होस्ट कर रहे थे। ऐसे में अजय का इस फॉर्मेट में आना शो के लिए एक नया स्क्रीन प्रेजेंस लेकर आए। अनिल कपूर भी टीवी पर एक अलग तरह का गेम शो लेकर आए हैं। ' इंडिया के टॉप 1%' में सामान्य ज्ञान के बजाय कंटेस्टेंट्स की लॉजिक, ऑब्जर्वेशन, कॉमन सेंस और प्रेजेंस ऑफ माइंड को परखा जाता है। यह इंटरनेशनल फॉर्मेट 'द 1% क्लब' का भारतीय रूपांतरण है। शो में 100 प्रतियोगी एक साथ खेल खेलते हैं और सवालों का स्तर धीरे-धीरे कठिन होता जाता है। इसकी एक खास बात यह भी है

# रेणुकास्वामी मर्डर केस: आरोपी से सरकारी गवाह बने शख्स का दर्ज हुआ बयान सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अभिनेता दर्शन



Renukaswamy Murder Case: रेणुकास्वामी मर्डर केस में 14वें नंबर के आरोपी प्रदोष को सरकारी गवाह बनाया गया है। उनका बयान दर्ज किया जा रहा है। हालांकि अभिनेता दर्शन को इससे दिक्कत है, इसलिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट दरवाजा खटखटाया है। रेणुकास्वामी मर्डर केस में एक नया मोड़ आया है। सोमवार को बेंगलुरु की एक अदालत में इस केस में आरोपी से सरकारी गवाह बने प्रदोष राव का बयान लगभग तीन घंटे तक दर्ज किया गया। यह कार्यवाही बंद कमरे में (इन-कैमरा) हुई। अदालत ने उनके बयान को आगे दर्ज करने के लिए मामले की सुनवाई मंगलवार तक के लिए टाल दी है।

**दर्शन और पवित्रा कार्यवाही में हुए शामिल**

प्रदोष, जो शुरू में इस मामले में 14वें नंबर के आरोपी थे, को कड़ी सुरक्षा के बीच सिटी सिविल और सेशन कोर्ट में लाया गया। कार्यवाही के बाद, उन्हें पुलिस सुरक्षा में वापस परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल ले जाया गया। जेल में बंद अभिनेता दर्शन और उनकी पार्टनर पवित्रा गौड़ा भी बेंगलुरु सेंट्रल जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यवाही में शामिल हुए। चूंकि प्रदोष का बयान लंबा था और उस पर उनके हस्ताक्षर होने थे, इसलिए स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर प्रसन्नकुमार के अनुरोध पर अदालत ने कार्यवाही मंगलवार तक के लिए टाल दी। इस मामले में सरकारी गवाह बनने की इजाजत मिलने के बाद प्रदोष अपना बयान दर्ज करा रहे हैं। कार्यवाही के दौरान, उनसे रेणुकास्वामी पर कथित हमले और हत्या से जुड़ी घटनाओं के साथ-साथ अन्य आरोपियों के साथ उनकी बातचीत के बारे में जानकारी देने की उम्मीद है। इस बीच, अभिनेता दर्शन की ओर से पेश सीनियर वकील हशमत पाशा ने सुप्रीम कोर्ट में एक स्पेशल लीव पिटिशन दायर की है। इसमें प्रदोष को सरकारी गवाह बनाए जाने को चुनौती दी गई है और उनके बयान से जुड़ी कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई है। पाशा ने कहा कि दर्शन की कानूनी टीम ने पहले ट्रायल कोर्ट में प्रदोष के सरकारी गवाह बनने के स्टेटस को चुनौती दी थी। दर्शन के फैंस से प्रदोष को मिली कथित धमकियों को देखते हुए पुलिस ने कोर्ट परिसर के अंदर और बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। सेंट्रल जोन के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस अक्षय एम. हकय ने उसकी सुरक्षा के लिए एक असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस, तीन पुलिस इंस्पेक्टर, आठ सब-इंस्पेक्टर और 40 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया था।प्रदोष, जो अभी बेंगलुरु सेंट्रल जेल में बंद है, उसे मंगलवार को कोर्ट लाया जाएगा। उसे कामाक्षीपाल्या पुलिस और जेल अधिकारियों की सुरक्षा में लाया जाएगा।

# रणबीर कपूर @44: कैसे बने बॉलीवुड के रॉकस्टार?






Ranbir Kapoor Birthday Special: कपूर खानदार से ताल्लुक रखने वाले बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रणबीर कपूर 28 सितंबर को अपना 44वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर आइए जानते हैं अभिनेता से जुड़े कुछ दिलचस्प किस्से। हिंदी सिनेमा के जिन नए कलाकारों ने सबसे ज्यादा शोहरत पाई है, उसमें रणबीर कपूर का भी नाम शामिल है। बॉलीवुड में उन्होंने अपनी छवि ऐसे कलाकार की बनाई है, जो कई तरह के किरदार निभा सकता है। फिल्मों में आने से पहले उनका अपने पिता के साथ रिश्ता काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। कपूर खानदान से होने के बावजूद उन्हें बॉलीवुड में अपना नाम कमाने में काफी मेहनत करनी पड़ी।

**अमेरिका से की पढ़ाई**

28 सितंबर 1982 के जन्मे रणबीर कपूर दिग्गज अभिनेता ऋषि कपूर और अभिनेत्री नीतू कपूर के बेटे हैं। वह दिग्गज अभिनेता राज कपूर के पोते हैं। उन्होंने अमेरिका में मौजूद स्कूल ऑफ विजुअल आर्ट्स और ली स्ट्रासबर्ग थिएटर एंड फिल्म इंस्टीट्यूट में फिल्म-मेकिंग और मेथड एक्टिंग की पढ़ाई की।

**पिता से थे उतार-चढ़ाव भरे रिश्ते**

रणबीर कपूर के पिता ऋषि कपूर ने अपनी बायोग्राफी 'खुल्लम खुल्ला' में बेटे के साथ अपने रिश्तों के बारे में बताया है। उनके मुताबिक उन्होंने अपने बेटे से जानबूझकर थोड़ी दूरी बनाई थी। वह चाहते थे कि रणबीर कपूर उनका सम्मान करें। वह अक्सर रणबीर से कहते थे 'मैं तुम्हारा बाप हूं, दोस्त नहीं।' इसी वजह से रणबीर कपूर अपने पिता से बचपन से डरते थे। बचपन में रणबीर कपूर अपने पिता से दो बार पिट चुके हैं। एक बार वह जूते पहनकर मंदिर में चले गए थे। इसलिए उनके पिता ने नाराज होकर उनको तमाचा मारा था। रणबीर कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि जब वह 12 साल के थे, तब उनके साथ यह घटना हुई थी। एक दूसरा मौका था जब पिता से रणबीर कपूर को मार पड़ी थी। बचपन में रणबीर अक्सर अपनी बड़ी बहन रिद्धिमा कपूर को परेशान करते थे। वह उनके साथ मारपीट किया करते थे। एक बार रिद्धिमा कपूर ने रणबीर कपूर की पिता से शिकायत कर दी। इसके बाद रणबीर कपूर की पिटाई हो गई। यह घटना तब हुई थी जब वह 9 साल के थे।

रणबीर कपूर भले कपूर खानदान के बेटे थे, मगर उनके पिता चाहते थे कि वह जमीन से जुड़े रहें और अपने बल पर कुछ करें। यही वजह थी कि जब रणबीर कपूर अमेरिका में पढ़ाई कर रहे थे, तब उनके पिता उनके लिए खर्चा से ज्यादा पैसा नहीं भेजते थे। बताया जाता है कि जब वह अमेरिका से लौटे तब उनके पिता ने उनसे गाड़ी छीन ली थी। इसकी वजह यह थी कि ऋषि कपूर चाहते थे कि रणबीर कपूर अपने दम पर कुछ करें।

**बेटे की फिल्मों से खुश नहीं थे ऋषि कपूर**

ऐसा नहीं है कि रणबीर के पिता सिर्फ बचपन में ही उनसे नाराज थे। बल्कि जब रणबीर जवान हो गए, तब भी उनके पिता उनसे बहुत खुश नहीं थे। रणबीर कपूर ने जब फिल्म 'वेक अप सिड' और 'रॉकेट सिंह' में काम किया, तो उनके पिता को ये फिल्में पसंद नहीं आईं। उनके मुताबिक ये फिल्में बहुत सीमित दर्शकों के लिए हैं।

हालांकि बाद में ऋषि कपूर, रणबीर कपूर की अदाकारी के कायल हुए। उन्होंने उनकी अदाकारी की काफी तारीफ भी की। ऋषि कपूर जब बीमार हुए थे और अमेरिका में अपना इलाज करा रहे थे, तब पिता और बेटे के बीच रिश्ते काफी बेहतर हुए थे।

रणबीर कपूर, कपूर खानदान से ताल्लुक रखते हैं। हालांकि उन्हें फिल्मों में आने के लिए संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपनी पढ़ाई के दौरान ही शॉर्ट फिल्म पैशन ट्र लव (2002) का निर्देशन किया था। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने शॉर्ट फिल्म 'इंडिया 1964' में अभिनय किया था। रणबीर कपूर ने बॉलीवुड फिल्म 'आ अब लौट चलें' (1999) और 'ब्लैक' (2005) में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर बॉलीवुड में कदम रखा। साल 2007 में उन्होंने फिल्म 'सांवरिया' से बतौर अभिनेता बॉलीवुड में डेब्यू किया।

साल 2009 में रणबीर कपूर ने फिल्म 'अजब प्रेम की गजब कहानी' में अभिनय किया। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही। रणबीर कपूर को सबसे ज्यादा पहचान फिल्म 'रॉकस्टार' (2011) से मिली। उनके करियर में सबसे ज्यादा कामयाब फिल्मों में 'बर्फी' (2012) शामिल है। साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' हिट रही।

# बॉक्स ऑफिस: 300 करोड़ पार हुई 'हनुमान अंश' की कमाई

## नई फिल्मों से किया मुकाबला इस हॉलीवुड फिल्म को चटाई धूल




Box Office Collection: दर्शकों में 'हनुमान अंश' को लेकर क्रेज कम नहीं हो रहा है। 'मिर्जापुर: द मूवी' भी धीमी रफ्तार से कमाई कर रही है। जानिए दोनों फिल्मों का रविवार का कलेक्शन। फिल्म 'हनुमान अंश' को रिलीज हुए 52 दिन हो चुके हैं। बॉक्स ऑफिस पर अब भी यह फिल्म बेहतरीन कमाई कर रही है। आज रविवार को फिल्म की कमाई में एक बार फिर जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। वहीं 'मिर्जापुर द मूवी' की कमाई में वीकएंड पर मामूली उछाल आया है। जानिए इन दोनों फिल्मों ने आज कितना कलेक्शन किया है। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु की फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' को रिलीज हुए आज 24 दिन हो गए हैं। वीकएंड पर इसकी कमाई में मामूली बढ़ोतरी हुई है। शुक्रवार को इसने एक करोड़ रुपये कमाए थे। कल चौथे शनिवार को इसकी कमाई 1.55 करोड़ रुपये रही थी। आज खबर लिखे जाने तक इसने 1.42 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसका टोटल कलेक्शन 226.77 करोड़ रुपये हो गया है।

- वीकएंड पर 'हनुमान अंश' ने दिखाया जलवा फिल्म 'हनुमान अंश' ने अपनी कमाई से सबको हैरान कर दिया है।
- रिलीज के 52 दिन बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है।
- कल इसने 6.50 करोड़ रुपये कमाए थे
- आज खबर लिखे जाने तक फिल्म ने 8.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।
- इसका टोटल कलेक्शन 306.38 करोड़ रुपये हो गया है।

ऐसा नहीं है कि हनुमान अंश ने सिर्फ भारत में अच्छा कलेक्शन कर रही है। यह फिल्म दुनियाभर में जबरदस्त कमाई कर रही है। दुनियाभर में इसने अब तक 389.85 करोड़ रुपये कमाए हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म का बजट सिर्फ दो करोड़ रुपये है।

'हनुमान अंश' की कमाई हॉलीवुड फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम एनकोर' से ज्यादा है। इस फिल्म ने रिलीज के तीसरे दिन सिर्फ 6.65 करोड़ रुपये कमाए हैं। वहीं यह फिल्म 'द वन' और 'द पैराडाइज' से मुकाबला कर रही है। 'द वन' ने आज 13.43 करोड़ रुपये कमाए हैं। वहीं 'द पैराडाइज' ने आज 13.92 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

डॉ. विशाल चतुर्वेदी के निर्देशन में बनी और शोभिनव सत्या स्टारर यह फिल्म नीम करौली बाबा के जीवन और उनकी आध्यात्मिक यात्रा से प्रेरित है। महज लगभग 2 करोड़ रुपये के छोटे से बजट में तैयार हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जो सफलता हासिल की है, उसने ट्रेड पंडितों को भी हैरान कर दिया है। फिल्म ने देश में 14,000% से ज्यादा का बंपर नेट प्रॉफिट दर्ज किया है। हाल ही में सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों (जैसे 'द पैराडाइज' और 'द वन') की एंट्री हुई और हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एवेंजर्स: एंडगेम' (Avengers: Endgame) भी दोबारा रिलीज हुई। इन बड़ी फिल्मों की वजह से 'हनुमान अंश' के स्क्रीन्स (शोज) आधे जरूर हुए, लेकिन दर्शकों के बीच इसका क्रेज कम नहीं हुआ। माउथ पब्लिसिटी के दम पर इसने हॉलीवुड और अन्य नई फिल्मों को कड़ी टक्कर देते हुए अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी और बॉक्स ऑफिस पर धूल चटा दी।

# Aaj ka Rashifal 29 September

## आज का राशिफल : ग्रह-नक्षत्रों की चाल से इन 6 राशियों के जीवन में आएंगे महत्वपूर्ण बदलाव, जानें दैनिक राशिफल




**29 सितंबर 2026** का दिन कुछ राशि वालों के लिए खास रहने वाला है। जानें आज करियर, कारोबार, धन, परिवार और सेहत के मामले में सितारे क्या संकेत दे रहे हैं।

**Aaj Ka Rashifal 29 September 2026:** 29 सितंबर 2026 को ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का असर सभी राशियों के जीवन पर अलग-अलग देखने को मिल सकता है। किसी राशि के जातकों को करियर और कारोबार में नए अवसर मिल सकते हैं, तो कुछ लोगों को धन संबंधी मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत होगी। परिवार और रिश्तों के लिहाज से भी दिन महत्वपूर्ण रह सकता है। मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि के जातक जानें आज का दिन आपके लिए कैसा रहेगा और किन मामलों में आपको विशेष ध्यान देना चाहिए।

### मेष



आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है, लेकिन आपकी सकारात्मक सोच हर परिस्थिति को संभालने में मदद करेगी। मन में किसी के प्रति ईर्ष्या या नकारात्मकता रखने के बजाय अपने काम पर ध्यान दें। स्वास्थ्य से जुड़ी पुरानी परेशानी को नजरअंदाज करना ठीक नहीं रहेगा। रिश्तों में फिर से अपनापन बढ़ेगा और किसी करीबी रिश्तेदार से मुलाकात मन को खुशी दे सकती है। जीवनसाथी के साथ पुरानी नाराजगी दूर होगी और साथ में कहीं घूमने का कार्यक्रम भी बन सकता है।

### वृषभ



आज किस्मत आपका साथ देती नजर आएगी और आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। आमदनी बढ़ाने के नए रास्ते खुलेंगे और किसी कानूनी मामले में भी राहत मिलने की उम्मीद है। रिश्तों में चली आ रही खटास बातचीत और समझदारी से दूर हो सकती है। भाई-बहनों का सहयोग किसी महत्वपूर्ण काम में मिल सकता है। नए लोगों से संपर्क बढ़ने के कारण आपका सामाजिक दायरा भी पहले से अधिक सक्रिय रहेगा।

### मिथुन



आज मन में शांति और संतुलन बना रहेगा। किसी धार्मिक या आध्यात्मिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिले तो यह आपको भीतर से सुकून देगा। राजनीति या सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। आप अपनी दिनचर्या और जीवनशैली में कुछ अच्छे बदलाव लाने की कोशिश करेंगे। पुराने मनमुटाव को खत्म करने के लिए आपकी पहल रिश्तों में फिर से मिठास घोल सकती है।

### कर्क



आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन स्थिरता बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू करने का विचार मन में आ सकता है, हालांकि अनजान लोगों पर तुरंत भरोसा करना उचित नहीं होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी और सही समय पर लिया गया फैसला लाभ दे सकता है। जीवनसाथी के साथ बिताया समय रिश्ते में गर्माहट बढ़ाएगा। किसी जरूरी काम में समय पर मदद मिलने से राहत मिलेगी, हालांकि पिता की किसी बात से मन थोड़ा उदास हो सकता है।

### सिंह



आज परिवार और रिश्तों के बीच संतुलन बनाए रखना आपके लिए खासा जरूरी रहेगा। विरोधी अपनी ओर से कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपकी समझदारी और संयम उनके इरादों को कमजोर कर देंगे। संतान की संगति और गतिविधियों पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। परिवार के साथ कहीं घूमने की योजना बन सकती है। नौकरी में चल रही परेशानी आपको नए विकल्प तलाशने के लिए प्रेरित करेगी और सही दिशा में उठाया गया कदम आगे के रास्ता आसान कर सकता है।

### कन्या



आज आपकी कोई मनचाही इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे पूरे दिन चेहरे पर खुशी बनी रहेगी। जीवनसाथी के लिए कोई खास तोहफा खरीदने का मन बनेगा और इससे रिश्ते में प्रेम और अपनापन बढ़ेगा। माता-पिता की सेवा और उनके साथ समय बिताने से मन को गहरी संतुष्टि मिलेगी। कार्यक्षेत्र में किसी परेशानी को लेकर वरिष्ठों से खुलकर बात करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। व्यापार को आगे बढ़ाने की योजनाओं में तेजी आएगी, लेकिन वाहन चलाते समय सावधानी जरूर रखें।

### तुला



आज बढ़ते खर्च आपको थोड़ा परेशान कर सकते हैं, इसलिए आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। काम का दबाव अधिक रहेगा और परिवार से जुड़ी कुछ चिंताएं भी मन में चल सकती हैं। संतान की सेहत को लेकर थोड़ी बेचैनी रहेगी, लेकिन धैर्य से स्थिति संभाल पाएंगे। यात्रा के दौरान कोई ऐसी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है जो आगे आपके काम आए। व्यापार में बदलाव या नई रणनीति अपनाने का विचार मन में जोर पकड़ सकता है।

### वृश्चिक



आज किसी महत्वपूर्ण फैसले को लेकर मन थोड़ा असमंजस में रह सकता है, लेकिन अपनी समझ और अनुभव पर भरोसा रखें। सामाजिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी और लोगों के बीच आपकी मौजूदगी महसूस की जाएगी। आज गुस्से पर नियंत्रण रखना सबसे जरूरी रहेगा, क्योंकि छोटी-सी बात भी अनावश्यक तनाव पैदा कर सकती है। व्यापार से जुड़ी किसी समस्या को सुलझाने के लिए पार्टनर के साथ खुलकर बातचीत करें। अनजान लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना ही बेहतर रहेगा।

### धनु



आज का दिन काफी व्यस्त और भागदौड़ भरा रहेगा। जरूरी कामों को टालने की आदत आज नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए प्राथमिकता तय करके आगे बढ़ें। परिवार से जुड़ी किसी समस्या को बातचीत और आपसी समझ से सुलझाने पर रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ मिलकर किसी नए काम की शुरुआत करने की योजना बन सकती है। पिता की सलाह किसी उलझन को दूर करने में मदद करेगी। लंबे समय से अटका काम पूरा होने पर मन को बड़ी राहत मिलेगी।

### मकर



आज आपको अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और अनुशासन के साथ निभाना होगा। कोई नई जिम्मेदारी या महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट मिलने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा। निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं, लेकिन फैसले सोच-समझकर लेना बेहतर रहेगा। खानपान में सुधार का सीधा असर आपकी सेहत पर दिखाई देगा। मन की कोई इच्छा पूरी होने से घर में खुशी का माहौल बनेगा और वैवाहिक जीवन में भी अच्छा तालमेल बना रहेगा।

### कुंभ



आज जीवन में कुछ चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन परिवार और दोस्तों का साथ आपका हौसला बनाए रखेगा। दूसरों के निजी मामलों में जरूरत से ज्यादा दखल देने से बचें, वरना बेवजह की उलझन बढ़ सकती है। आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों की ओर मन आकर्षित होगा। लंबी दूरी की यात्रा का योग बन रहा है। दूर रहने वाले किसी अपने की याद भावुक कर सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अपने करियर से जुड़े महत्वपूर्ण कामों में भी व्यस्त रहेंगे।

### मीन



आज सामाजिक और व्यावसायिक दोनों मोर्चों पर सकारात्मक परिणाम मिलने के संकेत हैं। आपके काम की सराहना होगी और समाज में मान-सम्मान बढ़ सकता है। आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए किए गए प्रयास रंग लाएंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के सामने नए अवसर आ सकते हैं। माता-पिता के साथ संपत्ति से जुड़ी कोई महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है। अचानक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है और यह यात्रा आपके लिए उपयोगी और लाभदायक साबित होने की संभावना है।

# Aaj Ka Love Rashifal

## आज का लव राशिफल 29 सितंबर: कर्क, तुला और मकर को मिलेगा पार्टनर का साथ, लव लाइफ में आएगा नया मोड़



**Love Rashifal 29 September 2026:** आज ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति प्रेम और रिश्तों पर असर डाल सकती है। जानें मेष से मीन राशि तक सभी जातकों के लिए प्रेम जीवन कैसा रहेगा और पार्टनर के साथ रिश्ते में क्या बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

**Love Rashifal 29 September 2026:** प्रेम और रिश्तों के लिहाज से 29 सितंबर का दिन कई राशियों के लिए महत्वपूर्ण रह सकता है। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का असर प्रेम संबंधों, पार्टनर के साथ बातचीत और आपसी समझ पर देखने को मिल सकता है। कुछ राशि वालों के रिश्तों में नजदीकियां बढ़ सकती हैं, वहीं कुछ लोगों को भावनाओं को समझने और बातचीत में संयम रखने की जरूरत होगी। जो लोग रिलेशनशिप में हैं, उनके लिए आज का दिन रिश्ते को मजबूत करने के नए मौके लेकर आ सकता है। वहीं सिंगल जातकों की किसी खास व्यक्ति से बातचीत शुरू हो सकती है।

**मेष लव राशिफल (Aries Love Horoscope)**

आज प्रेम संबंधों में किसी छोटी-सी बात को लेकर मतभेद हो सकता है। बातचीत के दौरान गुस्से या जल्दबाजी से बचें, वरना साथी से दूरी बढ़ सकती है। सिंगल जातक किसी पसंदीदा व्यक्ति की बात को लेकर थोड़ा भावुक या परेशान रह सकते हैं।

## अक्तूबर के महीने में बनेंगे 4 बड़े राजयोग, इन 4 राशियों पर बरसेगी कृपा




**October Rajyoga 2026:** अक्तूबर में बुधादित्य, मालव्य और लक्ष्मी नारायण समेत 4 शुभ योग बनेंगे। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इनका असर 4 राशियों के लिए खास रह सकता है।

**October Rajyoga 2026:** अक्टूबर 2026 ग्रहों की चाल के लिहाज से महत्वपूर्ण महीना रहने वाला है। इस दौरान कई प्रमुख ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे, जिसके चलते अलग-अलग ग्रहों की युति से बुधादित्य, लक्ष्मी नारायण, मालव्य और त्रिग्रही जैसे शुभ योगों का निर्माण होगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इन योगों का प्रभाव अलग-अलग राशियों पर अलग हो सकता है। खासतौर पर कर्क, सिंह, तुला और वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह समय महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, किसी भी राजयोग का वास्तविक प्रभाव व्यक्ति की जन्मकुंडली में ग्रहों की स्थिति, लग्न और दशा आदि पर निर्भर माना जाता है।

**4 अक्तूबर को बनेगा त्रिग्रही योग:** अक्तूबर की शुरुआत में ही ग्रहों की विशेष स्थिति देखने को मिलेगी। 4 अक्तूबर 2026 को चंद्रमा कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। इस समय कर्क राशि में देवगुरु बृहस्पति और मंगल की मौजूदगी रहेगी। ऐसे में चंद्रमा, गुरु और मंगल की युति से त्रिग्रही योग बनेगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार यह योग करीब 6 अक्टूबर तक प्रभाव में रह सकता है।

**17 अक्तूबर को बुधादित्य योग:** 17 अक्तूबर को सूर्य कन्या राशि से निकलकर तुला राशि में प्रवेश करेंगे। तुला राशि में उस समय बुध की स्थिति रहेगी। सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य योग का निर्माण होगा। ज्योतिष में सूर्य को आत्मविश्वास, पद, प्रतिष्ठा और नेतृत्व से जोड़ा जाता है, जबकि बुध बुद्धि, संवाद, तर्क और व्यापार के कारक माने जाते हैं। ऐसे में इस योग को इन क्षेत्रों से जोड़कर देखा जाता है।

**20 अक्तूबर को लक्ष्मी नारायण योग:** 20 अक्तूबर को शुक्र तुला राशि में प्रवेश करेंगे। तुला शुक्र की स्वराशि है और यहां पहले से बुध की मौजूदगी रहेगी। शुक्र और बुध की युति से लक्ष्मी नारायण योग बनेगा। तिषीय मान्यताओं में बुध-शुक्र की युति को धन, सुख-सुविधा, कला, व्यापार और भौतिक समृद्धि से संबंधित माना जाता है। ऐसे में इस योग को आर्थिक और व्यावसायिक मामलों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**20 अक्तूबर को ही मालव्य योग:** शुक्र के तुला राशि में आने से 20 अक्तूबर को मालव्य योग का निर्माण भी होगा। मालव्य योग पंच महापुरुष योगों में शामिल माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार जब शुक्र अपनी स्वराशि या उच्च राशि में होकर कुंडली के केंद्र भाव यानी प्रथम, चतुर्थ, सप्तम या दशम भाव में स्थित होता है, तब मालव्य योग बनता है। इस योग को ज्योतिषीय मान्यताओं में सुख-सुविधा, ऐश्वर्य, कला, आकर्षण और प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता है।

**31 अक्तूबर को गुरु करेंगे सिंह राशि में प्रवेश:** अक्तूबर के अंतिम दिन 31 अक्तूबर 2026 को देवगुरु बृहस्पति कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। गुरु को ज्योतिष में ज्ञान, शिक्षा, विस्तार और समृद्धि का कारक माना जाता है। वहीं सिंह राशि के स्वामी सूर्य हैं और गुरु-सूर्य के बीच मित्रता का संबंध माना जाता है। इसी वजह से गुरु का सिंह राशि में गोचर ज्योतिषीय दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसका प्रभाव अलग-अलग राशियों पर उनकी कुंडली में गुरु की स्थिति के अनुसार अलग हो सकता है।

## शारदीय नवरात्रि में इन 3 राशि वालों को होगा बड़ा लाभ, तरक्की से लेकर विदेश यात्रा तक के बनेंगे योग




**Shardiya Navratri 2026:** शारदीय नवरात्रि कुछ राशि वालों के लिए खास हो सकता है। जातकों को धन लाभ, तरक्की, मनचाही नौकरी और निवेश से अच्छा लाभ मिलने की संभावनाएं हैं।

**Shardiya Navratri 2026:** इस साल शारदीय नवरात्रि का आरंभ 11 अक्तूबर 2026 से होगा। इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, माता का हाथी पर आगमन बेहद शुभ माना जाता है क्योंकि हाथी सुख-समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है। मान्यता है कि इसके शुभ प्रभाव से जातकों को धन-धान्य की प्राप्ति होने के साथ ही कार्यों में मनचाही सफलता मिल सकती है। इसका विशेष प्रभाव कुछ राशियों पर भी देखने को मिल सकता है। इस दौरान कुछ राशि वालों को आर्थिक लाभ, करियर में तरक्की और विदेश यात्रा के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं कि शारदीय नवरात्रि किन तीन राशि वालों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है।

## आज का अंक ज्योतिष: मूलांक 2, 6 और 8 वालों की आर्थिक स्थिति में हो सकता है सुधार, काम में मिलेगी सफलता




**Ank Jyotish 29 September 2026:** अंक ज्योतिष में आज का दिन मूलांक के आधार पर कई महत्वपूर्ण संकेत दे सकता है। जानें मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए आज का दिन करियर, धन, रिश्तों और सेहत के लिहाज से कैसा रहेगा।

**Ank Jyotish 29 September 2026:** अंक ज्योतिष में हर मूलांक का संबंध किसी न किसी ग्रह से माना जाता है और इसी आधार पर व्यक्ति के जीवन में आने वाले अवसरों और चुनौतियों के संकेत देखे जाते हैं। 29 सितंबर 2026 का दिन मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए अलग-अलग अनुभव लेकर आ सकता है। किसी के लिए कामकाज में नई जिम्मेदारियां सामने आ सकती हैं, तो किसी को धन से जुड़े मामलों में सोच-समझकर कदम उठाने की सलाह दी जाती है। प्रेम और पारिवारिक रिश्तों में भी दिन के प्रभाव अलग-अलग रह सकते हैं। आइए जानते हैं जन्म तारीख के आधार पर मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए आज अंक ज्योतिष और किन क्षेत्रों में आपको विशेष ध्यान देना चाहिए।

## एशियन गेम्स: पुरुष क्रिकेट में क्वार्टर फाइनल देखने को तरसे फैंस बिना कोई गेंद फेंके तय हुई अंतिम चार टीमें




एशियन गेम्स पुरुष क्रिकेट में चारों क्वार्टर फाइनल बारिश की भेंट चढ़ गए। बिना एक भी गेंद खेले भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत का सामना श्रीलंका और पाकिस्तान का बांग्लादेश से होगा। दोनों सेमीफाइनल एक अक्तूबर को खेले जाएंगे। एशियन गेम्स में पुरुष क्रिकेट के क्वार्टर फाइनल देखने के लिए फैंस को मैदान पर गेंद चलने का इंतजार ही करना पड़ा, लेकिन बारिश ने किसी मुकाबले में एक भी गेंद नहीं होने दी। चारों क्वार्टर फाइनल रद्द होने के बाद अब भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। बेहतर रैंकिंग के आधार पर चारों टीमों को अगले दौर का टिकट मिला। भारत अब एक अक्तूबर को श्रीलंका से भिड़ेगा, जबकि पाकिस्तान के सामने बांग्लादेश की चुनौती होगी। यानी बिना क्वार्टर फाइनल खेले ही टूर्नामेंट की अंतिम चार टीमें तय हो गईं। नेपाल और श्रीलंका के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला मंगलवार सुबह खेला जाना था, लेकिन बारिश के कारण इसे रद्द करना पड़ा। दोनों टीमों के मैदान पर उतरने से पहले ही मुकाबले के नतीजे का रास्ता रैंकिंग से तय हो गया। बेहतर रैंकिंग के कारण श्रीलंका ने सेमीफाइनल में जगह बनाई और अब उसका सामना भारत से होगा। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच पहला सेमीफाइनल एक अक्तूबर को सुबह 5:30 बजे से, जबकि भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा सेमीफाइनल एक अक्तूबर को सुबह 10 बजे भारतीय समयानुसार खेला जाएगा। नेपाल के लिए यह निराशाजनक रहा। टीम ने अफगानिस्तान को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ उसे मैदान पर उतरने का मौका ही नहीं मिला। नेपाल-श्रीलंका मुकाबले के बाद बांग्लादेश और मलयेशिया के बीच क्वार्टर फाइनल भी बारिश की भेंट चढ़ गया। इसके साथ ही पुरुष क्रिकेट के चारों क्वार्टर फाइनल मुकाबले रद्द हो गए। नतीजा यह रहा कि एक भी गेंद खेले बिना चार सेमीफाइनलिस्ट तय हो गए। बेहतर रैंकिंग वाली टीमों को अगले दौर में जगह मिली।

अब भारत और श्रीलंका के सेमीफाइनल पर भी बारिश का खतरा बना हुआ है। अगर मुकाबला बारिश के कारण पूरी तरह रद्द हो जाता है, तो बेहतर रैंकिंग के आधार पर भारत फाइनल में पहुंच जाएगा। भारत टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर है, जबकि श्रीलंका नौवें स्थान पर है। ऐसे में भारत को फाइनल में जगह बनाने के लिए हर हाल में मैदान पर जीत दर्ज करने की जरूरत नहीं होगी, अगर बारिश के कारण मुकाबला रद्द होता है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के सेमीफाइनल में भी यही समीकरण लागू होगा। पाकिस्तान की टी20 रैंकिंग छठी है,

## क्या है विराट कोहली के लंबे करियर का राज?:




विराट कोहली ने 15 हजार वनडे रन पूरे करने के बाद कहा कि उनका लक्ष्य कभी व्यक्तिगत आंकड़े हासिल करना नहीं रहा, बल्कि मुश्किल परिस्थितियों में भारत को जीत दिलाना रहा है। उन्होंने शुभमन गिल की कप्तानी और उनके साथ बल्लेबाजी के अनुभव पर भी बात की। गिल ने भी विराट के साथ यह उपलब्धि साझा करने को खास बताया। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट में 15 हजार रन पूरे करने के बाद अपने लंबे और सफल करियर का मंत्र बताया है। कोहली के मुताबिक, इतने लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर टिके रहने के पीछे व्यक्तिगत आंकड़े नहीं, बल्कि भारत को जीत दिलाने की इच्छा रही है। वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को खेले गए सीरीज के पहले मुकाबले में शतक लगाकर कोहली ने यह खास उपलब्धि हासिल की। वह सचिन तेंदुलकर के बाद वनडे में 15 हजार रन पूरे करने वाले दुनिया के सिर्फ दूसरे बल्लेबाज हैं।

कोहली ने कहा कि 15 हजार रन का आंकड़ा निश्चित रूप से खास है, लेकिन उनका ध्यान हमेशा टीम की जीत पर रहा है। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा, 'अगर आप इसे आंकड़ों के नजरिये से देखें तो यह बड़ा नंबर है। लेकिन लक्ष्य हमेशा यही रहा है कि अलग-अलग परिस्थितियों और मुश्किल हालात में टीम को जीत दिलाने की कोशिश करूं। मैंने इतने वर्षों में यही करने की कोशिश की है।' 37 वर्षीय कोहली ने कहा कि सिर्फ व्यक्तिगत आंकड़ों के पीछे भागकर कोई खिलाड़ी इतने लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल सकता। उन्होंने कहा, 'आप इतने लंबे समय तक तभी खेल सकते हैं, जब आपका लक्ष्य टीम को जिताना हो। आप इतने लंबे समय तक सिर्फ आंकड़ों के लिए नहीं खेल सकते। अगर आपको सिर्फ अपने आंकड़े हासिल करने हैं तो आप मुख्य लक्ष्य से समझौता करेंगे और इस तरह लंबे समय तक नहीं खेल सकते।' कोहली ने 15 हजार रन पूरे करने को खास उपलब्धि बताते हुए कहा, 'मैं खुशकिस्मत हूं कि इतने लंबे समय तक इस स्थिति में रहा और एक और जीत की राह में इतना बड़ा आंकड़ा हासिल करना निश्चित रूप से खास है।' वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले मुकाबले में कोहली ने वनडे करियर का 55वां शतक लगाया। यह वनडे में उनका रिकॉर्ड बढ़ाने वाला 55वां शतक है। उनकी पारी ने भारत को सीरीज के पहले मैच में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 15 हजार वनडे रन तक पहुंचने वाले कोहली अब सिर्फ सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं। तेंदुलकर के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले वह दूसरे बल्लेबाज हैं। भारत के मौजूदा कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि बचपन में विराट कोहली को आदर्श मानने के बाद अब उनके साथ मैदान पर यह उपलब्धि साझा करना उनके लिए खास पल है। गिल ने कहा, 'बहुत खुशी है। बड़े होते हुए मैंने कभी नहीं सोचा था कि विराट भैया के 15 हजार वनडे रन पूरे करने के समय मैं उनके साथ मैदान पर रहूंगा।

## एशियाड: फाइनल में पहुंचने के लिए इस टीम से भिड़ेगा भारत बारिश ने तय किया विरोधी सेमीफाइनल धुला तो क्या होगा?



एशियन गेम्स में पुरुष क्रिकेट के सेमीफाइनल मुकाबले तय हो गए हैं। भारत का सामना श्रीलंका से होगा, जबकि पाकिस्तान की टक्कर बांग्लादेश या मलयेशिया के विजेता से होगी। बारिश के कारण मैच धुलने पर बेहतर रैंकिंग वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी। ऐसे में भारत-पाकिस्तान फाइनल की संभावना भी बनी हुई है। एशियन गेम्स में पुरुष क्रिकेट के एक सेमीफाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। बारिश के कारण नेपाल और श्रीलंका के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला रद्द होने के बाद बेहतर रैंकिंग के आधार पर श्रीलंका ने अंतिम-चार में जगह बनाई। अब भारत का सामना श्रीलंका से होगा। दूसरी ओर पाकिस्तान की भिड़ंत बांग्लादेश से होगी। दोनों सेमीफाइनल एक अक्तूबर को खेले जाएंगे, जबकि फाइनल और ब्रॉन्ज मेडल मैच तीन अक्तूबर को होंगे। बांग्लादेश और मलयेशिया के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला भी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। ऐसे में क्वार्टर फाइनल के चारों मुकाबले बारिश के कारण रद्द करने पड़े और बेहतर रैंकिंग वाली टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं। नेपाल और श्रीलंका के बीच क्वार्टर फाइनल बारिश के कारण नहीं हो सका। मुकाबला रद्द होने पर बेहतर रैंकिंग के आधार पर श्रीलंका आगे बढ़ गया। इस तरह भारत के सेमीफाइनल का विरोधी तय हो गया है। भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा सेमीफाइनल एक अक्तूबर को भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। भारत और श्रीलंका के बीच सेमीफाइनल में भी बारिश का खतरा रहता है तो रैंकिंग अहम भूमिका निभाएगी। अगर मुकाबला बारिश के कारण धुल जाता है, तो बेहतर रैंकिंग के आधार पर भारत फाइनल में पहुंच जाएगा। भारत (नंबर-1 टीम) की रैंकिंग श्रीलंका के नौवें स्थान से बेहतर है। यानी टीम इंडिया को फाइनल में जगह बनाने के लिए हर हाल में मैदान पर जीत दर्ज करना जरूरी नहीं होगा, बशर्ते बारिश मैच को पूरी तरह प्रभावित कर दे। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना बांग्लादेश से होगा। पाकिस्तान की टी20 रैंकिंग छह है, जबकि बांग्लादेश आठवें स्थान पर है। ऐसे में अगर पाकिस्तान का सेमीफाइनल भी बारिश के कारण रद्द होता है, तो बेहतर रैंकिंग के आधार पर पाकिस्तान फाइनल में पहुंच जाएगा। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना बांग्लादेश से होगा। पाकिस्तान की टी20 रैंकिंग छह है, जबकि बांग्लादेश आठवें स्थान पर है। आधार पर पाकिस्तान फाइनल में पहुंच जाएगा।

## एशियन गेम्स 2026: क्रिकेट में बड़ा उलटफेर

### नेपाल ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया 16 गेंद पहले जीता मैच

एशियन गेम्स 2026 में नेपाल ने ग्रुप ए के मुकाबले में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। अफगानिस्तान ने 102 रन बनाए, जिसके जवाब में नेपाल ने 17.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। संदीप जोरा और रोहित पौडेल ने अहम पारियां खेलीं। नेपाल की यह अफगानिस्तान पर पांच टी20 मुकाबलों में दूसरी जीत है। एशियन गेम्स 2026 में क्रिकेट में बड़ा उलटफेर हुआ है। शुक्रवार को कोरोगी स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में नेपाल क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 102 रन ही बना सकी। जवाब में नेपाल ने 16 गेंद शेष रहते यानी 17.2 ओवर में पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मोहम्मद अकरम दो रन और करीम जनत नौ रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हसन ऐसाखिल खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद फैसल शिनोजादा और नजीबुल्लाह जादरान ने चौथे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की। शिनोजादा 33 गेंद में 30 रन और जादरान 40 गेंद में 30 रन बनाकर आउट हुए।




फिर अफगानिस्तान की टीम संभल नहीं सकी। मोहम्मद इशाक सात रन और कप्तान दरविश रसूली खाता खोले बिना आउट हुए। खरोती 15 गेंद में 17 रन और अहमदजई एक रन बनाकर नाबाद रहे। नेपाल की ओर से कुशर भुर्तेल ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। वहीं, ललित राजबंशी को तीन विकेट मिले। 103 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की टीम की शुरुआत भी खराब रही। कुशल भुर्तेल खाता खोले बिना आउट हुए। वहीं, आसिफ शेख दो रन बना सके। कुशल मल्ला भी नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद संदीप जोरा और रोहित पौडेल ने चौथे विकेट के लिए 25 रन जोड़े। जोरा 35 गेंद में 34 रन बनाकर आउट हुए। फिर पौडेल ने दीपेंद्र सिंह एयरी के साथ 46 रन की साझेदारी निभाई। एयरी 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पौडेल ने गुलशन झा के साथ मिलकर नेपाल को जीत दिलाई।

## वनडे विश्व कप 2027 का शेड्यूल कब आएगा?: एक अक्तूबर को हो सकता है एलान जानें किस प्रारूप में होगा टूर्नामेंट




आईसीसी और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका एक अक्तूबर को केपटाउन में 2027 वनडे विश्व कप का शेड्यूल जारी करेंगे। टूर्नामेंट दो अक्तूबर 2027 से शुरू होकर 21 नवंबर तक चलेगा। 14 टीमों वाले टूर्नामेंट में 10 टीमें 30 सितंबर तक तय हो जाएंगी, जबकि चार टीमें क्वालिफायर से आएंगी

आईसीसी वनडे विश्व कप 2027 के शेड्यूल का इंतजार अब खत्म होने वाला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (CSA) एक अक्तूबर को केपटाउन में टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी करेंगे। यह आयोजन विश्व कप के शुरू होने से ठीक एक साल पहले किया जाएगा। इसी दिन टूर्नामेंट के टिकटों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी शुरू होगी। 2027 का विश्व कप दो अक्तूबर से 21 नवंबर तक खेला जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत गांधी जयंती के दिन होगी। दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया इसकी मेजबानी करेंगे। विश्व कप में कुल 14 टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें से 10 टीमों की पहचान 30 सितंबर की क्वालिफिकेशन कटऑफ तक हो जाएगी। दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे मेजबान होने के कारण पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। इसके अलावा आईसीसी वनडे रैंकिंग के आधार पर आठ टीमें विश्व कप में जगह बनाएंगी। मौजूदा स्थिति में भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश रैंकिंग के जरिए जगह बनाने की स्थिति में हैं। बांग्लादेश फिलहाल नौवें स्थान पर है, लेकिन तीसरे नंबर की दक्षिण अफ्रीकी टीम के मेजबान के तौर पर सीधे क्वालिफाई करने के कारण उसे रैंकिंग के जरिए जगह मिल जाएगी। वेस्टइंडीज को क्वालिफायर के जरिए विश्व कप में पहुंचना होगा। क्वालिफायर अगले साल की शुरुआत में खेले जाएंगे। चार अन्य टीमें भी इसी प्रक्रिया के जरिए मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाएंगी।

**टिकट के लिए एक अक्तूबर से रजिस्ट्रेशन**

आईसीसी एक अक्तूबर को विश्व कप टिकटों के लिए बैलेट प्रक्रिया भी शुरू करेगा। हालांकि उस दिन टिकटों की सीधे खरीदारी नहीं की जा सकेगी। प्रशंसक टिकट बैलेट के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

**तीन चरणों में होगा मुख्य टूर्नामेंट**

2027 विश्व कप का प्रारूप पिछले विश्व कपों से अलग होगा। सेमीफाइनल और फाइनल से पहले टूर्नामेंट को तीन चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में 14 क्वालिफाई करने वाली टीमों में से सबसे निचली रैंकिंग वाली तीन टीमें सुपर सीरीज में राउंड-रॉबिन मुकाबले खेलेंगी। इनमें शीर्ष पर रहने वाली टीम अगले चरण में पहुंचेगी। दूसरे चरण में 12 टीमें दो समूहों में बंटेंगी। दोनों समूहों में छह-छह टीमें होंगी और सभी टीमें राउंड-रॉबिन आधार पर मुकाबले खेलेंगी। इस चरण में कुल 30 मैच होंगे। दोनों समूहों की शीर्ष तीन-तीन टीमें और दोनों समूहों में अगली सर्वश्रेष्ठ टीम सुपर-7 चरण में पहुंचेगी।

**सुपर-7 के बाद सेमीफाइनल और फाइनल**

सुपर-7 चरण में कुल 21 राउंड-रॉबिन मैच होंगे। यहां शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। पहले स्थान पर रहने वाली टीम का सामना चौथे स्थान वाली टीम से और दूसरे स्थान वाली टीम का मुकाबला तीसरे स्थान वाली टीम से होगा। दोनों सेमीफाइनल के विजेता 21 नवंबर 2027 को होने वाले फाइनल में विश्व कप खिताब के लिए आमने-सामने होंगे।

**पहला स्टेज: सुपर सीरीज**

14 टीमों में से आईसीसी रैंकिंग की सबसे निचली तीन टीमें सबसे पहले सुपर सीरीज खेलेंगी। यानी नए फॉर्मेट के तहत रैंकिंग में 12वें से 14वें स्थान पर रहने वाली तीन टीमें पहले 'सुपर सीरीज' खेलेंगी। इस चरण से केवल एक टीम अगले दौर में पहुंचेगी, जबकि दो टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगी।

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**
**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**
**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक**
**निर्भय कुमार सेंगर**
**के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,**
**बी-9, गायत्री भवन,**
**विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,**
**रामघाट रोड, अलीगढ़**
**(उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













